www.bharatsamvad.live

मौसम
अधिकतम तापमान 37.c
27.c न्यूनतम तापमान

बाजार
सोना 89.075g
चांदी 91.500 kg

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper bharatsamvad.live

2 ठीक नहीं विदेशी रक्षा सामग्री पर निर्भरता, आत्मनिर्भर महाशक्ति बनने के लिए उठाने होंगे बड़े कदम
मां की हत्या करने वाला बेटा गिरफ्तार 04

वर्ष :08 | अंक :245 | मुंबई ,बुधवार , 26 फरवरी , 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2 : 00 रुपए

संक्षिप्त समाचार

## एसयूवी के ट्रक से टकराने से महाकुंभ से लौट रहे तीन श्रद्धालुओं की मौत, सात घायल

रीवा। मध्य प्रदेश के रीवा जिले में प्रयागराज में महाकुंभ से लौटते समय एक वाहन के सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा जाने के कारण तीन लोगों की मौत हो गयी जबकि सात अन्य घायल हो गए। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज की सीमा रीवा जिले से लगती है। जिले के मनगवा पुलिस थाने की अधिकारी वर्षा सोनकर ने पीटीआई-भाषा को बताया, यह घटना रीवा जिला मुख्यालय से 40 किलोमीटर दूर राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर सोमवार रात करीब 10.30 बजे हुयी, जब वाहन चालक को झपकी आ गयी। पुलिस ने बताया कि कार ने सड़क के किनारे खड़े एक ट्रक को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सोनकर ने बताया कि महाकुंभ में जाने के लिए एसयूवी किराए पर ली गई थी और श्रद्धालु मध्यप्रदेश के सीहोर जिले में अपने घर लौट रहे थे, तभी यह दुर्घटना हुई। उन्होंने बताया कि 40 से 50 वर्ष की आयु के तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। उनकी पहचान अभी नहीं हो पाई है। अधिकारी ने बताया कि टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

## ओडिशा के पुरी के निकट बंगाल की खाड़ी में 5.1 तीव्रता का भूकंप आया

कोलकाता/भुवनेश्वर। ओडिशा के पुरी के पास मंगलवार की सुबह भूकंप का तेज झटका महसूस किया गया, जिसकी तीव्रता 5.1 मापी गयी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप सुबह छह बजकर 10 मिनट पर बंगाल की खाड़ी में 91 किलोमीटर की गहराई पर आया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के एक अधिकारी ने कहा कि भूकंप का झटका 19.52 उत्तरी अक्षांश और 88.55 पूर्वी देशांतर पर दर्ज किया गया। ओडिशा राजस्व विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि भूकंप से अब तक किसी भी तरह के जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। उन्होंने बताया कि भूकंप का प्रभाव ना के बराबर था, क्योंकि इसका केंद्र बंगाल की खाड़ी में था। उन्होंने बताया कि भूकंप का झटका ओडिशा के पारादीप, पुरी, बरहामपुर और कुछ अन्य स्थानों पर महसूस किया गया।

# राजनीतिक स्थिरता, सुशासन और सुधारों ने भारत के प्रति दुनिया की उम्मीदें बढ़ाई :पीएम मोदी

## तरक्की की राह पर असम, पीएम मोदी ने एडवांटेज असम 2.0 समिट का किया उद्घाटन

एडवांटेज असम 2.0 समिट

▶▶ मोदी ने दावा किया कि असम स्टार्ट-अप इकाइयों का गंतव्य बन रहा है, जल्द ही पूर्वोत्तर के लिए विनिर्माण केंद्र बन जाएगा। उन्होंने दावा किया कि राजनीतिक स्थिरता, सुशासन और सुधारों ने भारत के प्रति दुनिया की उम्मीदें बढ़ाई।

एजेंसी



असम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भाजपा शासन के दौरान असम की अर्थव्यवस्था का मूल्य दोगुना होकर छह लाख करोड़ रुपये हो गया, यह डबल इंजन सरकार का असर है। वह असम व्यापार शिखर सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वैश्विक अनिश्चितता के बीच भारत की आर्थिक वृद्धि निश्चित बनी है। मध्यम वर्ग की आकांक्षाओं ने देश के विकास की उम्मीद जगाई है। मोदी ने दावा किया कि असम स्टार्ट-अप इकाइयों का गंतव्य बन रहा है, जल्द ही पूर्वोत्तर के लिए विनिर्माण केंद्र बन जाएगा। उन्होंने दावा किया कि राजनीतिक स्थिरता, सुशासन और सुधारों ने भारत के प्रति दुनिया की उम्मीदें बढ़ाई। मोदी ने कहा कि आज भारत अपनी स्थानीय आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत कर रहा है। आज भारत, दुनिया के अलग-अलग क्षेत्रों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों कर रहा है। ईस्ट एशिया के साथ हमारी कनेक्टिविटी लगातार सशक्त हो रही है।

### रिलायंस इंडस्ट्रीज निदेशक मुकेश अंबानी ने कहा

*इस अवसर पर बोलते हुए रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने कहा, 2018 में पिछले शिखर सम्मेलन में, रिलायंस ने असम में 5,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई थी. तब से, राज्य में हमारा निवेश 12,000 करोड़ रुपये से अधिक हो गया है. आने वाले वर्षों में, रिलायंस असम में इस निवेश को चौगुना से अधिक बढ़ाकर अगले पांच वर्षों में 50,000 करोड़ रुपये से अधिक कर देगा.*




### अडानी समूह ने 50,000 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की

शिखर सम्मेलन की गति को बढ़ाते हुए, अडानी समूह के अध्यक्ष गौतम अडानी ने असम में 50,000 करोड़ रुपये के महत्वपूर्ण निवेश की घोषणा की. कार्यक्रम में बोलते हुए, अडानी ने पीएम मोदी के विजन को श्रेय दिया, जिसकी शुरूआत उन्होंने कहा कि गुजरात में 2003 में वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट के साथ हुई थी. उन्होंने कहा कि जिस उत्साह के साथ इसकी शुरूआत हुई, उसने देश के सभी राज्यों को प्रेरित किया. अडानी समूह का निवेश हवाई अड्डों, एयरोसिटी, सिटी गैस वितरण और सड़क परियोजनाओं पर केंद्रित होगा।


# कमजोर वर्गों के अरमानों का मजाक उड़ाता है 'सबका साथ, सबका विकास' का नाराः खड़गे

## खड़गे ने भाजपा पर एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक समुदायों के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति में कटौती करने का लगाया आरोप

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को संबोधित एक पोस्ट में कहा, नरेन्द्र मोदी जी, देश के एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक वर्ग के युवाओं की छात्रवृत्तियों को आपकी सरकार ने हथियाने का काम किया है।

एजेंसी

नई दिल्लीः कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़े वर्गों और अल्पसंख्यक समुदायों के बच्चों की छात्रवृत्ति के लाभार्थियों की संख्या में कथित गिरावट को लेकर मंगलवार को आरोप लगाया कि 'सबका साथ, सबका विकास' का नारा कमजोर वर्गों के अरमानों का मजाक उड़ाता है.उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक चार्ट साझा किया जिसमें उल्लेख है कि एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक बच्चों के लिए छात्रवृत्ति के लाभार्थियों में भारी गिरावट आई है. खड़गे ने 'एक्स' पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित एक पोस्ट में कहा कि नरेंद्र मोदी जी, देश के एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक वर्ग के युवाओं की छात्रवृत्तियों को आपकी सरकार ने हथियाने का काम किया है. उन्होंने दावा किया कि ये शर्मनाक



सरकारी आंकड़े बताते हैं कि सभी वजीफों में मोदी सरकार ने लाभार्थियों की संख्या में भारी कटौती तो की है, साथ ही औसतन साल-दर-साल 25 प्रतिशत फंड भी कम खर्च किया है। खड़गे ने सवाल किया कि जब तक देश के कमजोर वर्ग के छात्रों को अवसर नहीं मिलेगा, उनके हुनर को प्रोत्साहन नहीं मिलेगा, तब तक हम अपने देश के युवाओं के लिए नौकरियों कैसे बढ़ा पाएंगे? उन्होंने आरोप लगाया कि आपका 'सबका साथ, सबका विकास' का नारा, रोजाना कमजोर वर्गों के अरमानों का मजाक उड़ाता है.इससे पहले, राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर निशाना साधते हुए दावा किया कि दोनों संविधान के खिलाफ हैं।

# सपा ने प्रदेशवासियों को सिर्फ बांटने का काम किया, कभी आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास नहीं किया: योगी सीएम

## डबल इंजन की सरकार के कार्यों से प्रदेशवासियों के सामने पहचान का संकट खत्म हुआ



लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में कई कारिडोर का निर्माण किया गया है। इसमें एक कॉरिडोर प्रयागराज से मां विंध्यवासिनी धाम होते हुए काशी तक के लिए जाता है। वहीं दूसरा कारिडोर गोरखपुर के आसपास के क्षेत्र में तैयार हुआ है। इसके अलावा अयोध्या के आसपास के क्षेत्र में तैयार हुआ है। वहीं लखनऊ और नैमिषारण्य के आसपास के क्षेत्र में तैयार हुआ है। आज उत्तर प्रदेश का परसेप्शन बेहतर हुआ है और महाकुम्भ ने उसको एक नई ऊंचाई दी है।एक नई पहचान दी है। यह वर्ष आजादी के बाद संविधान को लागू करने का अमृत महोत्सव वर्ष है। 26 जनवरी 1950 को देश का संविधान लागू हुआ था।ऐसे में 75 वर्ष पूर्ण होने पर देश में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर से जुड़े पंच तीर्थ स्थल प्रधानमंत्री मोदी ने बनाए।हमारी सरकार लखनऊ में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के नाम पर एक राजकीय संस्कृत केंद्र का निर्माण करने जा रही है।

- योजना ने उत्तर प्रदेश के एक्सपोर्ट को बढ़ाकर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान की
- प्रदेश के हस्तशिल्पियों और कारीगरों को सम्मान देने के लिए शुरू की गई विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना
- योजना के तहत 16 कैटेगरी में लोगों की व्यवस्थित ट्रेनिंग के साथ बैंक से सस्ता लोन उपलब्ध कराया गया

### महाकुम्भ ने प्रदेश के परसेप्शन को नई ऊंचाई दी

*सीएम ने कहा कि पहले उत्तर प्रदेश के नाम पर लोगों को कमरे और धर्मशालाओं में कपड़े नहीं मिलते थे।उत्तर प्रदेश के नौजवान को अपनी पहचान छुपानी पड़ती थी।आज उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार के कार्यों की वजह से प्रदेशवासियों के सामने अपनी पहचान का संकट खत्म हो गया है।मथुरा-वृंदावन के आसपास के क्षेत्र में भी तैयार हुआ है, जहां आ करके देश और दुनिया भर के लाखों श्रद्धालु दर्शन का लाभ ले रहे हैं।वह अपने साथ उत्तर प्रदेश की एक अच्छी धारण लेकर जा रहे हैं।यह वही उत्तर प्रदेश है, जहां के लोग पहले अपनी पहचान को छुपाते थे।*

# आप सरकार की नई शराब नीति से दिल्ली सरकार को करीब 2000 करोड़ का घाटाः सीएजी रिपोर्ट

## सीएजी रिपोर्ट को पेश करने में लापरवाही बरती गई है. सीएजी रिपोर्ट को जानबूझ कर रोके रखा गयाः विधानसभा अध्यक्ष

विधानसभा सत्र के दौरान कैग रिपोर्ट पेश होने से पहले हंगामे के बीच स्पीकर विजेंद्र गुप्ता ने विपक्ष की नेता आतिशी और आप विधायक गोपाल राय समेत 12 आप विधायकों को निलंबित कर दिया, जिससे तनाव बढ़ गया।

एजेंसी



**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा में मंगलवार को उपराज्यपाल वीके सक्सेना के अभिभाषण के बाद बहुप्रतीक्षित सीएजी की रिपोर्ट मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पेश की, जिसे स्वीकार करते हुए विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा पिछली सरकार के कार्यकाल में वर्ष 2017-18 के बाद से सीएजी की रिपोर्ट विधानसभा की पटल पर नहीं रखी गयी थी. उन्होंने सीएजी रिपोर्ट की पृष्ठभूमि के बारे में सदन को बतायाविधानसभा अध्यक्ष ने कहा हाईकोर्ट ने सीएजी रिपोर्ट को लेकर बेहद गंभीर टिप्पणियां की थी. सीएजी रिपोर्ट को पेश करने में लापरवाही बरती गई है. सीएजी रिपोर्ट को जानबूझ कर रोके रखा गया. एलजी के पास समय रहते रिपोर्ट को नहीं भेजा गया. संवैधानिक नियमों का उल्लंघन किया गया, रिपोर्ट को जानबूझकर छुपाया गया. हाई कोर्ट में साफ कहा है कि दिल्ली सरकार की तरफ से सीएजी रिपोर्ट को पेश करने में अत्यधिक देरी की गई. यह खुशी की बात है कि नई सरकार पहले ही सत्र में पहले ही दिन आज सीएजी रिपोर्ट को सदन के पटल पर पेश कर रही है. विधानसभा अध्यक्ष ने कहा आज सिर्फ एक ही रिपोर्ट को सदन के पटल पर पेश किया जाएगा. इसी तरह से आने वाले दिनों में सदन के पटल पर अलग-अलग रिपोर्ट को पेश किया जाएगा. पीएम मोदी ने जो वादा किया है।

### आतिशी का दावा, सीएजी रिपोर्ट में आप की शराब नीति की तारीफ, वापस लेने से हुआ 2000 करोड़ का नुकसान



दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी नेता आतिशी ने मंगलवार को कैग की रिपोर्ट में राष्ट्रीय राजधानी के खजाने को 2002 करोड़ से अधिक के नुकसान का दावा करने के बाद रद्द की गई नई शराब नीति का बचाव करते हुए कहा कि ऑडिट दस्तावेज ने पुरानी शराब नीति के तहत भ्रष्टाचार को उजागर किया है।उन्होंने दावा किया कि दिल्ली के लोगों को नुकसान हुआ क्योंकि पड़ोसी राज्यों से अवैध रूप से शराब लाई जा रही थी। सीएम रेखा गुप्ता द्वारा आज दिल्ली विधानसभा में पेश की गई सीएजी रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पिछली सरकार के फैसलों और शराब नीति के कारण राष्ट्रीय राजधानी के खजाने को 2002 करोड़ रुपये से अधिक का संचयी नुकसान हुआ।आतिशी ने कहा कि इस रिपोर्ट ने हमारी बात पर मुहर लगा दी है।

# एक राष्ट्र एक चुनाव पर हुई जेपीसी की बैठक

## पीपी चौधरी बोले- शंकाएं दूर हुईं, हम एक टीम के रूप में काम कर रहे

बीजेपी सांसद पीपी चौधरी ने कहा कि यह एक अच्छी मुलाकात थी। सभी सदस्यों का रुख सकारात्मक रहा। सबसे पहले जस्टिस अवस्थी ने प्रेजेंटेशन दिया। उनके बाद पूर्व सीजेआई यूयू ललित ने प्रेजेंटेशन दिया। सभी सदस्यों ने प्रस्तुतियों के लिए उनकी सराहना की।

एजेंसी

एक देश एक चुनाव




नई दिल्ली:एक राष्ट्र एक चुनाव पर जेपीसी की बैठक संसदीय सौध में आज संपन्न हुई। एक देश एक चुनाव पर जेपीसी के अध्यक्ष बीजेपी सांसद पीपी चौधरी ने कहा कि यह एक अच्छी मुलाकात थी। सभी सदस्यों का रुख सकारात्मक रहा। सबसे पहले जस्टिस अवस्थी ने प्रेजेंटेशन दिया। उनके बाद पूर्व सीजेआई यूयू ललित ने प्रेजेंटेशन दिया। सभी सदस्यों ने प्रस्तुतियों के लिए उनकी सराहना की। उनके सवालों का जवाब दिया गया। मैं समिति के सभी सदस्यों को धन्यवाद देता हूं जिन्होंने सकारात्मक रवैया दिखाया और राष्ट्रहित में प्रश्न पूछे। शंकाएं दूर हो गई हैं। हम एक टीम के रूप में काम कर रहे हैं। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने दावा किया कि एक राष्ट्र एक चुनाव (ओएनओई) विधानमंडलों के कार्यकाल के साथ छेड़छाड़ करके लोकतंत्र को कमजोर करेगा और लोगों के अधिकारों का हनन करेगा। सूत्रों ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक सहयोगी ने हैरानी जताई कि क्या दो चुनावों के बीच पांच साल का अंतराल निर्वाचित प्रतिनिधियों की जनता के प्रति जवाबदेही को कमजोर करेगा? उच्चस्तरीय कोविंद समिति के सचिव आईएएस अधिकारी नितेन चंद्रा ने भी समिति के साथ अपने विचार साझा किये। अवस्थी ने लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने से होने वाली बचत और विकास को बढ़ावा मिलने से संबंधित लाभों के बारे में विस्तार से बताया।

# योगी को महाकुंभ के दौरान मारे गए लोगों के परिवारों को मुआवजा देना चाहिए :ममता बनर्जी

▶▶ ममता बनर्जी ने महाकुंभ के दौरान भगदड़ में कई लोगों की मौत होने का आरोप लगाते हुए मांग की कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार पीड़ितों के परिवारों के लिए घोषित मुआवजा तत्काल जारी करे। बनर्जी ने इस दावे पर भी सवाल उठाया कि इस वर्ष महाकुंभ मेला 144 वर्षों के अंतराल के बाद हो रहा है

एजेंसी



कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने महाकुंभ के दौरान भगदड़ में कई लोगों की मौत होने का आरोप लगाते हुए मांग की कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार पीड़ितों के परिवारों के लिए घोषित मुआवजा तत्काल जारी करे। बनर्जी ने इस दावे पर भी सवाल उठाया कि इस वर्ष महाकुंभ मेला 144 वर्षों के अंतराल के बाद हो रहा है। तथा उन्होंने विशेषज्ञों से इस दावे की सत्यता की जांच करने का आग्रह किया।बनर्जी ने यहां राज्य सचिवालय में संवाददाताओं से कहा, मैं उत्तर प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग करती हूं कि चूंकि उन्होंने कुंभ मेले में मारे गए लोगों के परिवारों के लिए अनुग्रह राशि की घोषणा की है।

बैठक

विधानसभा चुनाव को लेकर हुई चर्चा

# बिहार: जेपी नड्डा से मिले नीतीश कुमार

एजेंसी



दोनों नेताओं ने बिहार में एनडीए की भविष्य की रणनीति पर चर्चा की क्योंकि राज्य में इस साल चुनाव होने हैं।कुमार राज्य अतिथि गृह पहुंचे, जहां केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री शहर पहुंचने के बाद ठहरे थे।बैठक के दौरान राज्य के दोनों उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और सम्राट चौधरी भी बैठक में मौजूद रहे।


बिहार। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को पटना के राजकीय अतिथिशाला में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने बिहार में एनडीए की भविष्य की रणनीति पर चर्चा की क्योंकि राज्य में इस साल चुनाव होने हैं।

कुमार राज्य अतिथि गृह पहुंचे, जहां केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री शहर पहुंचने के बाद ठहरे थे। बैठक के दौरान राज्य के दोनों उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और सम्राट चौधरी भी बैठक में मौजूद रहे। नड्डा सोमवार को राज्य के दो दिवसीय दौरे पर बिहार पहुंचे। शाम को वह गया एयरपोर्ट पहुंचे, जहां बीजेपी कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। हालांकि उन्होंने कोई सवाल नहीं उठाया लेकिन प्रदेश भाजपा नेताओं ने कहा कि वह निजी यात्रा पर गया में थे। सूत्रों के अनुसार, केंद्रीय मंत्रिमंडल में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण का प्रभार संभाल रहे नड्डा पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित एक समारोह में भी शामिल हो सकते हैं। अधिकारियों ने बताया कि पटना के बापू सभागार में होने वाले कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अलावा दुनिया भर से बड़ी संख्या में डॉक्टर भी शामिल होंगे। बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को विपक्षी राजद-कांग्रेस गठबंधन पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उनसे पहले सत्ता में रहे लोगों ने मुसलमानों के वोट तो मांगे लेकिन वे सांप्रदायिक झड़पों को रोकने में विफल रहे। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के अध्यक्ष कुमार ने यह टिप्पणी एक समारोह में की, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से स्टेट गेस्ट हाउस में सीएम नीतीश कुमार की इस मुलाकात को काफी अहम माना जा रहा है.

इस मुलाकात के दौरान बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा, बिहार सरकार में मंत्री मंगल पांडेय और विजय चौधरी भी मौजूद थे. बंद कमरे के अंदर हुई इस मुलाकात के दौरान एनडीए की एकजुट को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और जेपी नड्डा के बीच अहम चर्चा हुई.

# सरकारी प्रोत्साहनों से मध्यप्रदेश को पर्यटन क्षेत्र में सबसे अधिक निवेश पाने में मदद मिलेगी: शेखावत



● मध्यप्रदेश सरकार द्वारा आयोजित वैश्विक निवेशक सम्मेलन इन्वेस्ट मध्यप्रदेश को संबोधित करते हुए केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि आध्यात्मिक केंद्रों से लेकर पहाड़ी इलाकों तक के सुरम्य स्थलों से समृद्ध सूबे में पर्यटकों की आकांक्षाएं पूरी करने की क्षमता है।उन्होंने कहा कि हम इस (पर्यटन) क्षेत्र में उज्ज्वल भविष्य के द्वार पर बैठे हैं।

एजेंसी


भोपाल।केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा दिए जा रहे प्रोत्साहनों से आने वाले वर्षों में राज्य को पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र से सबसे अधिक निवेश आकर्षित करने में मदद मिलेगी।राज्य के वैश्विक निवेशक सम्मेलन इन्वेस्ट मध्यप्रदेश को संबोधित करते हुए पर्यटन मंत्री ने कहा कि आध्यात्मिक केंद्रों से लेकर पहाड़ी इलाकों तक के सुरम्य स्थलों से समृद्ध सूबे में पर्यटकों की आकांक्षाएं पूरी करने की क्षमता है। उन्होंने कहा, हम इस (पर्यटन) क्षेत्र में उज्ज्वल भविष्य के द्वार पर बैठे हैं। मैं आप सबसे मध्यप्रदेश और भारत में जहां भी संभावना है, वहां अधिक से अधिक निवेश करने का आह्वान करता हूं। आपका निवेश आपको निश्चित रूप से निराश नहीं करेगा। शेखावत ने कहा, मध्यप्रदेश सरकार द्वारा दिए जा रहे प्रोत्साहनों से आने वाले समय में भारत के आतिथ्य, यात्रा और पर्यटन क्षेत्र में अधिकतम निवेश आकर्षित करने में मदद मिलेगी जो देश के किसी भी अन्य राज्य से अधिक होगा। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि अगले वित्त वर्ष के लिए बजट में घोषित आयकर राहत का सबसे बड़ा लाभार्थी यात्रा और पर्यटन क्षेत्र होगा क्योंकि 25 लाख रुपये से कम की वार्षिक कमाई वाले मध्यमवर्गीय परिवारों के पास अधिक खर्च योग्य आय होगी।

# सम्पादकीय

## नई शिक्षा नीति पर सस्ती राजनीति, भ्रामक और भड़काऊ बयानबाजी से रहना होगा सावधान

प्रसिद्ध यूनानी दार्शनिक प्लेटो का कथन है, शिक्षा राजनीति की दासी नहीं, बल्कि सत्य और प्रगति का मार्गदर्शक होनी चाहिए। दुर्भाग्य से ब्रिटिश शासन में मैकाले और स्वतंत्रता के बाद विभिन्न राजनीतिक दलों और उनसे जुड़े शिक्षाविदों ने राजनीतिक स्वार्थों के लिए शिक्षा का दुरुपयोग किया, जिससे छात्रों, समाज और राष्ट्र को खासा नुकसान हुआ। वर्तमान में भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को लेकर तमिलनाडु सरकार द्वारा केंद्र सरकार से की जा रही राजनीतिक रस्साकशी न केवल अवांछनीय है, बल्कि तमिलनाडु के छात्रों के हित में भी नहीं है। यह भारतीय संविधान की भावना के अनुरूप भी नहीं है। वर्तमान विवाद तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के कुछ और विशेष रूप से उसके भाषाई प्रविधानों को लेकर उठा है।भाषाएं केवल संचार की माध्यम नहीं साहित्य-सांस्कृतिक समझ को विकसित कर सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा भी देती हैं। शिक्षा समवर्ती सूची में है लेकिन अनुच्छेद 254 के अनुसार यदि राज्य और केंद्र के कानून में विरोधाभास हो तो केंद्र का कानून प्रभावी होगा। इसके अलावा अनुच्छेद 257 यह सुनिश्चित करता है कि राज्य सरकारें ऐसे कदम न उठाएं जो केंद्र की नीतियों में अवरोध बनें। स्टालिन एनईपी-के कई पहलुओं, जैसे त्रिभाषा सूत्र और कामन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट का विरोध कर रहे हैं। त्रिभाषा सूत्र को लेकर उनका आरोप है कि यह तमिलनाडु पर हिंदी और संस्कृत को थोपता है और इससे तमिल भाषा और संस्कृति पर खतरा है। स्टालिन ने एनईपी को समग्र शिक्षा अभियान और पीएमश्री स्कूल से जोड़ने के लिए भी केंद्र सरकार की आलोचना की है और प्रधानमंत्री मोदी से समग्र शिक्षा अभियान के तहत धन जारी करने की अपील की है। इसके अतिरिक्त उन्होंने भारतीय संविधान के संघीय चरित्र का भी हवाला दिया है कि शिक्षा समवर्ती सूची में आती है और इसमें राज्यों को पूरी स्वायत्तता है। तमिलनाडु के आगामी विधानसभा चुनावों से पहले राजनीतिक लाभ की कोशिश में स्टालिन सरकार इस तरह के दावे कर रही है। इस आशंका में कि द्रमुक इस मुद्दे पर राजनीतिक लाभ न उठा ले, तमिलनाडु की विभिन्न राजनीतिक पार्टियां भी स्टालिन के स्वर में स्वर मिला रही हैं। मुद्दे को पूरी तरह से समझने के लिए एनईपी-2020 की निर्माण प्रक्रिया को जानना प्रासंगिक होगा। 21वीं सदी की सामाजिक, आर्थिक और तकनीकी चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हुई एनईपी-2020 को दुनिया भर में सराहा गया। तमिलनाडु सहित देश के चारों कोनों से 2.5 लाख ग्राम पंचायतों और 676 जिलों के शिक्षाविदों, जनप्रतिनिधियों से प्राप्त सुझावों के आधार पर तैयार एनईपी-2020 सच्चे अर्थों में राष्ट्रीय है।

# आज का विचार







**मेष :** आज भूमि, भवन, दुकान व फैक्टरी आदि के खरीदने की योजना बनेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। अपरिचितों पर अतिविश्वास न करें। प्रमाद न करें। शारीरिक कष्ट संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कुबुद्धि हावी रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

**वृष :** वृष आज कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। कारोबारी अनुबंधों में वृद्धि हो सकती है। समय का लाभ लें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। कानूनी बाधा आ सकती है। विवाद न करें।

**मिथुन :** आज ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च हो सकता है। जल्दबाजी न करें। कष्ट, भय, चिता व बेचैनी का वातावरण बन सकता है। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। मातहतों से संबंध सुधरेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**कर्क :** आज स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद से क्लेश संभव है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। अपेक्षित कार्यों में अप्रत्याशित बाधा आ सकती है। तनाव रहेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। राज्य के प्रतिनिधि सहयोग करेंगे।

**सिंह :** कोर्ट व कचहरी के काम अनुकूल होंगे। पूजा-पाठ में मन लगेगा। तीर्थयात्रा की योजना बनेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। सुख के साधनों पर व्यय हो सकता है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। प्रमाद न करें। बेचैनी रहेगी। चोट व रोग से बचें। काम का विरोध होगा। तनाव रहेगा।

**कन्या :** आज व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। व्यापार-व्यवसाय में लाभ होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। बेचैनी रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। थकान महसूस होगी। वरिष्ठजन सहयोग करेंगे।

**तुला:** आज स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। किसी विवाद में उलझ सकते हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जोखिम न उठाएं। घर-बाहर असहयोग मिलेगा। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। आय में कमी हो सकती है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है।

**वृश्चिक :** आज रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। कोई बड़ी समस्या से छुटकारा मिल सकता है। आय में वृद्धि होगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी।

**धनु :** आज आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार के साथ मनोरंजन का कार्यक्रम बन सकता है। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। लेन-देन में सावधानी रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। परिवार में तनाव रह सकता है।

**मकर :** आज शत्रु नतमस्तक होंगे। विवाद को बढ़ावा न दें। प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आय के स्त्रोतों में वृद्धि हो सकती है। व्यवसाय ठीक चलेगा। चोट व रोग से बाधा संभव है। फालतू खर्च होगा। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें।

**कुंभ :** आज आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलेगी। तनाव रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी के व्यवहार से क्लेश हो सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। दुःखद समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। प्रतिद्वंद्विता बढ़ेगी। पारिवारिक चिंता में वृद्धि होगी।

**मीन :** आज विद्यार्थी वर्ग सफलता अर्जित करेगा। पठन-पाठन में मन लगेगा। दूर यात्रा की योजना बन सकती है। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। बेचैनी रहेगी। धनार्जन सुगम होगा।

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# ठीक नहीं विदेशी रक्षा सामग्री पर निर्भरता, आत्मनिर्भर महाशक्ति बनने के लिए उठाने होंगे बड़े कदम

> अबकी बार विदेशी लड़ाकू विमान खरीदते हुए यह एक राष्ट्रीय संकल्प होना चाहिए कि भारत अंतिम बार ही कोई विदेशी लड़ाकू विमान खरीदा रहा है। इसके बाद स्वयं ही अपनी सेनाओं की आवश्यकताओं के लिए उनका निर्माण किया जाएगा। यह एक राष्ट्रीय मिशन होना चाहिए। इसके लिए आवश्यक अनुसंधान के लिए जितने भी वित्तीय संसाधनों की आवश्यकता हो सरकार को खुले मन से उन्हें मुहैया कराना चाहिए।


प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हाल की अमेरिका यात्रा के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सबसे उन्नत लड़ाकू विमान एफ-35 की भारत को बिक्री की पेशकश की। इसके बाद से देश में बहस छिड़ी हुई है कि भारत को ये विमान खरीदने चाहिए या नहीं। इसका एक कारण यह है कि अमेरिका की तरह रूस ने भी भारत को अपने सबसे उन्नत लड़ाकू विमान सुखोई-57 को बेचने का प्रस्ताव दिया है। इस प्रस्ताव में सुखोई-57 का भारत में रूस द्वारा निर्माण और उसके कलपुर्जों के निर्माण का काम भारतीय कंपनियों को दिया जाना भी शामिल है। रूस इस सौदे में भारत को पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान की तकनीक भी हस्तांतरित करने को तैयार हो सकता है, जिसमें फाइटर जेट इंजन निर्माण से लेकर रडार तकनीकी भी शामिल होगी। विडंबना यह है कि भारत में बहस इस पर केंद्रित रहती है कि किस देश से कौन सा हथियार खरीदा जाए। जहां हम इस प्रश्न को लेकर उलझे हैं कि पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान अमेरिका से खरीदे जाएं या रूस से, वहीं चीन ने छठी पीढ़ी के स्वनिर्मित लड़ाकू विमान का परीक्षण शुरू कर दिया है। भारत चौथी पीढ़ी के स्वनिर्मित हल्के लड़ाकू विमान तेजस की वायुसेना को अपेक्षित आपूर्ति ही नहीं कर पा रहा है। इसे लेकर बीते दिनों वायुसेना प्रमुख ने भी असंतुष्टि जाहिर की। अगर हम यूक्रेन युद्ध को लेकर अमेरिकी दबाव मान लेते तो संभव है कि तेजस के लिए जरूरी अमेरिकी कंपनी जीई के



इंजन मिल गए होते। वैसे तेजस भी पूरी तरह स्वदेशी नहीं है। इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि रूस सैकड़ों प्रतिबंधों और दबावों के बावजूद तीन सालों से यूक्रेन युद्ध इसलिए जारी रख पा रहा है, क्योंकि वह हथियारों के निर्माण और ऊर्जा संसाधनों के मामले में आत्मनिर्भर हैं। यह क्षमता ही किसी देश को सही मायनों में संप्रभु महाशक्ति बनाती हैं। इस क्षमता का ही परिणाम है कि अमेरिका के नए सत्ताधीश यह बखूबी समझते हैं कि रूस जैसी आत्मनिर्भर शक्ति को निर्णायक रूप से हराया नहीं जा सकता और वे अब रूस से समझौते की बात कर रहे हैं। भारत विभिन्न देशों पर अपनी निर्भरता के चलते आज तक कोई युद्ध इतने समय तक चला ही नहीं पाया और युद्ध के मैदान में जीती बाजी भी हम विदेशी दबाव के चलते वार्ता की मेज पर हारते रहे हैं। 1971 का युद्ध गुलाम कश्मीर पर कोई निर्णायक फैसला लिए बिना जल्दबाजी में इसलिए समाप्त किया गया था, क्योंकि सोवियत नेता अमेरिका से एक सीमा से अधिक रार नहीं बढ़ाना चाहते थे और हम रक्षा और दूसरे मामलों में सोवियत संघ पर निर्भर थे। यही कारण है कि भारत के पहले सीडीएस रहे स्वर्गीय जनरल बिपिन रावत चाहते थे कि भारत अपने रक्षा उपकरण स्वयं ही बनाए और वे अगर विदेशी रक्षा उपकरणों से गुणवत्ता में थोड़े कमतर भी हों तो भी स्वदेशी उत्पादों को ही वरीयता दी जानी चाहिए। जनरल रावत का कहना था कि यदि कोई स्वदेशी रक्षा उत्पाद गुणवत्ता के 70 प्रतिशत मानक भी पूरे कर दे तो विदेशी साजोसामान के मुकाबले उसे वरीयता मिलनी चाहिए। अगर ऐसा किया जाए तो देश का धन देश से बाहर नहीं जाता और बिना किसी दूसरे देश की नीतिगत प्राथमिकताओं का दबाव झेले ऐसे रक्षा उपकरणों का अनवरत उत्पादन किया जा सकता है। उच्च गुणवत्ता वाले ऐसे रक्षा उपकरणों का क्या ही लाभ, जिसके निमार्ता देश के विभिन्न मामलों में नीतिगत दबाव भारत को झेलने पड़ें? जहां तक गुणवत्ता का प्रश्न है तो तकनीकी विकास एक सतत प्रक्रिया है, जिसमें असफलताओं से भी सीखने को मिलता है और समय के साथ खामियों को गहन अनुसंधान से दूर किया जा सकता है। चंद्रयान-2 की असफलता के बाद चंद्रयान-3 में किए गए सुधारों के चलते वह बेहद सफल रहा। गुणवत्ता में क्रमिक सुधार का चीन सबसे बड़ा उदाहरण है। चीन भी शुरूआती दिनों में हथियारों के लिए सोवियत संघ पर निर्भर था, परंतु उसने जो लड़ाकू विमान और युद्धक उपकरण एक बार सोवियत संघ से खरीदे, उनकी नकल कर वैसे ही उत्पाद स्वयं बनाने की कोशिश की। रिवर्स इंजीनियरिंग के माध्यम से बनाए गए ये उत्पाद प्रारंभ में अच्छी गुणवत्ता वाले नहीं थे, परंतु चीन निरंतर अनुसंधान में लगा रहा। चीनी सरकार ने योजनाबद्ध तरीके से अपने छात्रों को पढ़ने विश्व भर के शीर्ष विश्वविद्यालयों में भेजा, जहां उन्होंने उच्च तकनीक से जुड़ा ज्ञान हासिल किया। बाद में विदेशी कंपनियों से भी ऊंचे पैकेज देकर उन्हें वापस चीन बुलाया ताकि वे अपने देश के लिए काम करें। सोवियत संघ ने भारत और चीन को मिग-21 विमान 1961-62 में लगभग एक ही समय पर बेचे थे। चीनी इंजीनियरों ने मिग-21 और सुखोई-15 के डिजाइन की नकल कर 1980 तक आते-आते अपना लड़ाकू विमान जे-8 बना डाला। 2017 में स्वनिर्मित पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान जे-20 को चीन अपनी वायुसेना में शामिल कर चुका है। इसके विपरीत 1984 में शुरू किए गए भारतीय हल्के लड़ाकू विमान कार्यक्रम के अंतर्गत तेजस विमान आज तक अपेक्षित संख्या में भारतीय वायुसेना को नहीं मिल सके हैं। यह स्थिति बहुत कुछ बताती है। वायुसेना की आवश्यकताओं और भारत की सुरक्षा चुनौतियों को देखते हुए अब सीमित मात्रा में ही विदेशी लड़ाकू विमानों की खरीद होनी चाहिए। इसके साथ ही यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि जो भी विदेशी लड़ाकू विमान खरीदा जाए, उसकी अधिकतर तकनीक का भी भारत को हस्तांतरण हो। अबकी बार विदेशी लड़ाकू विमान खरीदते हुए यह एक राष्ट्रीय संकल्प होना चाहिए कि भारत अंतिम बार ही कोई विदेशी लड़ाकू विमान खरीदा रहा है। इसके बाद स्वयं ही अपनी सेनाओं की आवश्यकताओं के लिए उनका निर्माण किया जाएगा। यह एक राष्ट्रीय मिशन होना चाहिए। इसके लिए आवश्यक अनुसंधान के लिए जितने भी वित्तीय संसाधनों की आवश्यकता हो, सरकार को खुले मन से उन्हें मुहैया कराना चाहिए। साथ ही विदेशों में काम कर रहे उच्च कोटि के भारतीय इंजीनियरों को किसी भी कीमत पर वापस भारत में लाना चाहिए, जिससे भारत सही मायनों में एक आत्मनिर्भर महाशक्ति बन सके।

# महाशिवरात्रि पर दूल्हा बनकर सजते-संवरते हैं महाकाल





**देशना जैन**

उज्जयिनी धर्म और कर्म की वह पौराणिक नगरी है जहां सनातन धर्म की परम्पराएँ जीवंत हो उठती है। पौराणिक तथ्य और कथ्य उज्जयिनी के प्राण हैं। हजारों वर्षो की प्राचीन परम्पराएँ कितने ही राजा महाराजाओं के चले जाने के बाद भी आज तक निर्बाध रूप से चल रही है। ये परम्पराएँ आस्था और भक्ति का अनूठा संगम है। जहां भक्त के वशीभूत भगवान भी सामान्य मनुष्य जीवन की परम्परा का निर्वाहन करते है और भक्तों को उनकी इच्छा अनुरूप दर्शन भी देते है। भूतभावन आदिदेव महादेव के महाकाल रूप में अवंतिकापुरी को पावन करते है। वे महाकाल भी अपने विवाह की वर्षगांठ याने शिवरात्रि के अवसर पर भक्तों के वशीभूत हो जाते है। हर वर्ष शिव नवरात्रि पर नौ दिन तक महाकाल दूल्हे के रूप में सजे संवरे नजर आते है। शिव नवरात्रि के दौरान महाकालेश्वर के दरबार की छटा निराली होती है। मंदिर नौ दिवसीय उत्सव का साक्षी बनता है, जिसमें भगवान महाकाल का दिव्य श्रृंगार और भव्य पूजन संपन्न होता है। यह आयोजन फाल्गुन कृष्ण पंचमी से महाशिवरात्रि के अगले दिन तक चलता है, जो शिवभक्तों के लिए असीम श्रद्धा और आध्यात्मिकता का केंद्र बन जाता है।

## शिव नवरात्रि की पौराणिक महत्ता

मान्यता है कि माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने हेतु शिव नवरात्रि के दौरान कठिन तपस्या और आराधना की थी। इसी कारण श्रद्धालु इस अवधि में उपवास, पूजा-अर्चना और साधना कर भगवान शिव को प्रसन्न करके उनकी कृपा प्राप्त करने का प्रयास करते हैं।

## महाकाल का दिव्य श्रृंगार

महाशिवरात्रि को भगवान शिव एवं माता पार्वती के विवाह का पर्व माना जाता है। जिस प्रकार विवाह से पहले वर को हल्दी लगाई जाती है, उसी प्रकार महाकाल मंदिर में नौ दिनों तक भगवान शिव का विशेष श्रृंगार किया जाता है। वैसे तो भगवान शिव को हल्दी लगाना निषेध हैं। परंतु इस अवधि में उन्हे हल्दी, चंदन, केसर का उबटन, सुगंधित इत्र, औषधि और फलों के रस से स्नान कराया जाता है। इसके बाद आकर्षक वस्त्र, आभूषण, मुकुट, छत्र, और विभिन्न मुखारविंदों से भगवान महाकाल को अलंकृत किया जाता है।

## पूजन विधि और अनुष्ठान

शिव नवरात्रि के पहले दिन पुजारियों द्वारा नैवेद्य कक्ष में भगवान चंद्रमौलेश्वर और कोटेश्वर महादेव की पूजा के साथ संकल्प लिया जाता है। प्रतिदिन ब्राह्मणों द्वारा पंचामृत अभिषेक और रुद्रपाठ किया जाता है। इसके बाद भगवान महाकाल का विशेष श्रृंगार होता है, जिसमें विभिन्न स्वरूपों में भगवान के दर्शन किए जाते हैं:

1. चंदन श्रृंगार
2. शेषनाग श्रृंगार
3. घटाटोप मुखारविंद श्रृंगार
4. छत्रधारी श्रृंगार
5. होलकर मुखारविंद श्रृंगार
6. मनमहेश स्वरूप श्रृंगार
7. उमा-महेश स्वरूप श्रृंगार
8. शिव तांडव श्रृंगार
9. सप्तधान श्रृंगार

प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक विशेष पूजन होता है।

भस्म आरती एवं हरिकथा

शिवरात्रि के दिन भस्म आरती दोपहर में संपन्न होती है, जो वर्ष में केवल एक बार होती है। शिव नवरात्रि के दौरान भगवान महाकाल हरिकथा श्रवण करते हैं, जिसमें मंदिर परिसर में 113 वर्षों से नारदीय संकीर्तन की परंपरा चली आ रही है। मंदिर प्रांगण में आकर्षक विद्युत सजावट और पुष्प अलंकरण किया जाता है।

## महाशिवरात्रि एवं सेहरा दर्शन

महाशिवरात्रि के दिन भगवान महाकाल को विशेष जलाभिषेक और पूजन के बाद अर्धरात्रि में महानिशा काल की विशेष पूजा की जाती है। अगले दिन भगवान का सेहरा दर्शन होता है, जिसमें सवा मन पुष्पों एवं फलों से अलंकृत मुकुट, छत्र, कुंडल, तिलक, त्रिपुंड, रुद्राक्ष की मालाओं से भगवान महाकाल को श्रृंगारित किया जाता है। भक्तगण इस दिव्य स्वरूप के दर्शन कर आनंद से अभिभूत हो जाते हैं।

## श्रद्धालुओं की आस्था

भगवान महाकाल के दिव्य दर्शन से भक्तगण आत्मिक शांति और आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति करते हैं। इस दिव्य दर्शन के बाद श्रद्धालु यहां से लौटने का मन नहीं करते और उनके मन में भगवान महाकाल की कृपा प्राप्त करने की प्रबल भावना जाग्रत होती है। (विनायक फीचर्स)

# उन्नत तकनीक और भविष्य की खेती

**विजय गर्ग**

कृत्रिम मेधा यानी एआइ का बढ़ता उपयोग और इसका प्रभाव आज चर्चित मुद्दा है प्रधानमंत्री ने भी कुछ दिनों पहले पेरिस में आयोजित 'एआइ सिक्योरिटी समिट' के दौरान सार्वजनिक, निजी और शैक्षणिक हितधारकों से एक विश्वसनीय एआइ पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए मिल कर काम करने का आह्वान किया था। इसमें कोई दो राय नहीं कि एआइ हमारे काम करने के तरीके को बदल देगा। विश्व आर्थिक मंच का अनुमान अनुमान कि एआइ 2027 तक विश्व स्तर पर आठ करोड़ तीस लाख नौकरियों को खत्म कर देगा। एआइएमफ की रपट की मानें तो एआइ के कारण दुनियाभर में लगभग 40 फीसद नौकरियां प्रभावित होंगी। अगर हम भारत के संदर्भ में बात करें, तो हमारा देश, जो कृषि परंपराओं से जुड़ा हुआ है, आज एक तकनीकी क्रांति के कगार पर खड़ा है भारत अपनी विशाल आबादी और विविध अर्थव्यवस्था के कारण अद्वितीय चुनौतियों का सामना कर रहा है। अगर ठीक से प्रबंधित किया जाए, तो एआइ में उत्पादकता, दक्षता और रोजगार बढ़ाते हुए इन चुनौतियों से लड़ने की अपार क्षमता है। ऐसे समय में जब सबसे ज्यादा चर्चा विनिर्माण और सेवा क्षेत्र सहित अन्य क्षेत्रों पर स्वचालन (आटोमेशन) और एआइ के प्रभाव पर केंद्रित है, तब कृषि क्षेत्र रहा तकनीकी परिवर्तन न केवल उत्पादकता, बल्कि रोजगार के अवसर पैदा करने की अपार क्षमता रखता है। भारत एकमात्र ऐसा देश है जो प्रति हेक्टेयर उत्पादन अन्य देशों की तुलना में कम होने के बावजूद, पूरी दुनिया को खाद्यान्न संकट से बाहर निकालने की क्षमता रखता है। नीति निर्धारकों को यहां यह ध्यान रखना आवश्यक है भारत में रोजगार का भविष्य केवल प्रौद्योगिकी के विघटनकारी प्रभावों को कम करने पर निर्भर नहीं है, बल्कि रणनीतिक से विकास रास्ते बनाने के लिए कृषि जैसे महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में इसकी शक्ति का उपयोग करने पर निर्भर करने पर निर्भर है। पीढ़ियों से, भारतीय कृषि अर्थव्यवस्था की रीढ़ रही है, जो आबादी के एक बड़े हिस्से को रोजगार प्रदान करती है। हालांकि, यह एक ऐसा क्षेत्र है जो कई चुनौतियों से ग्रस्त है। जैसे, अप्रत्याशित मानसून खंडित जीत और कीमतों में उतार-चढ़ाव इन मुद्दों ने कृषि संकट और बेहतर अवसरों की तलाश में शहरी क्षेत्रों 1 में पलायन में योगदान दिया है। इस परिदृश्य में एआइ की शुरूआत इन चुनौतियों समाधान करने, उत्पादकता बढ़ाने और इस प्रक्रिया में कृषि कार्य के लिए एक नई पीढ़ी बनाने का एक अनूठा अवसर प्रस्तुत करती है।

यह स्वाभाविक है कि स्वचालन से बड़े पैमाने पर नौकरियां खत्म हो जाएंगी, लेकिन, भारतीय कृषि के संदर्भ में, एआइ से मानव क्षमता बढ़ने की अधिक संभावना है, न कि उन्हें पूरी तरह से बदलने की संभावनाओं पर अगर विचार करें, तो एआइ- संचालित सेंसर मिट्टी के स्वास्थ्य की निगरानी, मौसम की अधिक सटीकता से भविष्यवाणी और सिंचाई के समय को अनुकूलित कर सकते हैं, जिससे बढ़ी हुई पैदावार और संसाधनों की बबार्दी में कमी हो सकती है एआइ से लैस ड्रोन विशाल खेतों का सर्वेक्षण कर सकते हैं और कीटों या बीमारियों से प्रभावित क्षेत्रों की पहचान कर सकते हैं। यहां तक कि लक्षित उपचार भी दे सकते हैं, जिससे व्यापक कीटनाशक अनुप्रयोग की आवश्यकता कम हो जाती है। ये प्रौद्योगिकियां मानव भागीदारी की आवश्यकता को खत्म नहीं करतीं, बल्कि काम की प्रकृति को बदल देती हैं। कृषि में एआइ के एकीकरण से विभिन्न क्षेत्रों में कुशल पेशेवरों की मांग पैदा होगी। हमें कृषि इंजीनियरों की आवश्यकता है, जो एआइ-संचालित मशीनरी और सिंचाई प्रणालियों को डिजाइन करें और बनाए रख सकें। हमें डेटा वैज्ञानिकों की आवश्यकता है, जो इन प्रणालियों द्वारा उत्पन्न विशाल डेटा का विशेषण कर सकें। हमें कृषि कार्यकताओं की भी आवश्यकता है, जो प्रौद्योगिकी और किसानों के बीच की खाई को पाट सकें।

# शरद पवार के 'लाडले' जयंत पाटील ने बावनकुले से की मुलाकात

- जयंत पाटील की चंद्रशेखर बावनकुले से रात की मुलाकात से राजनीतिक हलचल
- मुलाकात के बाद शरद पवार की एनसीपी में असहजता के संकेत मिलने लगे हैं

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मुंबईः बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष और राज्य के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले से शरद पवार की पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटील ने मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद राज्य की राजनीति में सुगबुगाहट शुरू हो गई। सवाल पूछे जा रहे हैं कि आखिर रात को जयंत पाटील बीजेपी अध्यक्ष से मिलने क्यों गए? दूसरी बात अगर उन्हें अपने मतदान क्षेत्र की समस्याओं को लेकर मिलना ही था, तो वे बावनकुले के कार्यालय में जाना चाहिए था। ऐसे कई सारे सवाल उठ खड़े हुए हैं।दरअसल, सोमवार की रात 8 बजे अचानक की शरद पवार की पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटील बावनकुले के सरकारी निवास स्थान पर पहुंचे। वहां पर पहले से ही मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल भी मौजूद थे। जयंत पाटील करीब एक घंटे तक वहां पर रहे। राजनीतिक गलियारे में चर्चा है कि शरद पवार की पार्टी में जयंत पाटील असहज महसूस करने लगे हैं। पार्टी के कई लोग उनका खुलकर विरोध करने लगे हैं। इधर, शरद पवार भी जयंत पाटील को लेकर खामोश है। इस सबके बीच जयंत पाटील बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष व राज्य के राजस्व मंत्री बावनकुले ने मिलने उनके निवास स्थान पर गए।

# चाहे कोई नाराज हो, दागी ओएसडी और पीएस मंजूर नहीं : सीएम फडणवीस

## मंत्री माणिकराव कोकाटे के बयान से हुआ खुलासा

> महाराष्ट्र के दूसरी बार मुख्यमंत्री बने देवेंद्र फडणवीस अपनी सरकार के कामकाज को लेकर पीएम मोदी वाले अंदाज में आगे बढ़ रहे हैं। फडणवीस ने महायुति सरकार के पूरे कामकाज की निगरानी के साथ मंत्रालय में आवांछित लोगों पर नकेल कस दी है। इससे राजनीतिक गलियारों में उनके मोदी अवतार की चर्चा हो रही है।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः महाराष्ट्र में प्रचंड जीत के बाद सीएम की कुर्सी पर लौटे देवेंद्र फडणवीस का उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के चल रहा शीत युद्ध जहां सुर्खियों में है तो वहीं दूसरी तरफ के पीएम मोदी वाले अवतार से हड़कंप मचा हुआ है। फडणवीस के द्वारा नई सरकार के कामकाज की मॉनीटरिंग से मंत्री सकते हैं तो वहीं दूसरी तरफ उन्होंने साफ कर दिया है कि मंत्री के ओएसडी और पीएस की नियुक्ति पर वही फैसला लेंगे। फिर चाहे कोई भी नाराज हो। फडणवीस के कड़क अंदाज का खुलासा अजित पवार की अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) से मंत्री माणिकराव कोकाटे ने खुद किया है। कोकाटे ने खुलासा किया है फडणवीस ने पहले दिन ही चेतावनी दे दी थी कि अगर बदमाशी करोगे तो घर जाओगे। इतना ही नहीं फडणवीस ने यह भी कहा था कि किसी के जाने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। माणिकराव कोकाटे को शायद पता नहीं है कि मंत्रियों के निजी सचिव और विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी) की नियुक्ति का अधिकार मुख्यमंत्री के पास होता है। इस पर मुख्यमंत्री ही अंतिम निर्णय लेते हैं। यह कोई नहीं बात नहीं है। मैं उन लोगों के नामों की मंजूरी नहीं दूंगा जो गलत कामों में लिप्त रहे हैं।

### फडणवीस की दो टूक

कोकाटे के खुलासे पर फडणवीस ने साफ कर दिया है कि वह दलालों को मंत्रियों का ओएसडी और पर्सनल सेक्रेटरी नहीं बनने देंगे। फडणवीस ने खुलासा किया है कि उन्हें महायुति सरकार के विभिन्न मंत्रियों की तरफ से निजी स्टॉफ में नियुक्ति के लिए 125 नाम मिले थे। इसमें से उन्होंने 16 को रिजेक्ट किया और 109 नाम एप्रूव किए हैं। फडणवीस के इस मोदी वाले अवतार से महाराष्ट्र में खलबली है। एक तरफ शिंदे जहां गृह विभाग से शुरू हुए रुठने के सिलसिले से अब तक नाराज है तो वहीं अजित पवार भी फूंक-फूंककर कदम उठा रहे हैं।

# टिकट चेकिंग में बनाया रिकॉर्ड तो सेंट्रल रेलवे ने ठोंकी पीठ, रुबीना इनामदार को बताया 'रॉकस्टार'

फास्ट ट्रैक

- सेंट्रल रेलवे की महिला टीटीआई ने बनाया रिकॉर्ड
- एक दिन में पकड़े रिकॉर्ड 150 बिना टिकट केस
- सेंट्रल रेलवे ने रुबीना को बताया सच्चा रॉकस्टार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः पश्चिम रेलवे की तरह ही सेंट्रल रेलवे की तरफ से ट्रेनों में बड़े पैमाने पर टिकट चेकिंग की जा रही है। सेंट्रल रेलवे के मुंबई डिवीजन में एक महिला टीटीई ने रिकॉर्डतोड़ चेकिंग से प्रशासन का ध्यान खींचा है। रुबीना अकिब इनामदार ने एक दिन में रिकॉर्डतोड़ चेकिंग की। रुबीना ने 24 फरवरी यानी सोमवार को ड्यूटी के दौरान 150 अनियमित/बिना टिकट मामलों का पता लगाया। इससे रेलवे को टिकट जांच में 45,705 रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। सबसे बड़ी बात यह रही है इनमें रुबीना ने प्रथम श्रेणी के 57 बिना टिकट मामलों को पकड़ा। उनसे 16,430 रुपये जुमार्ने के तौर पर हासिल किए।सेंट्रल रेलवे ने ठोंकी पीठ सेंट्रल रेलवे ने रुबीना के काम की तारीफ करते हुए उनकी इस उपलब्धि को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा किया है। सेंट्रल रेलवे ने रुबीना को शाबाशी देते हुए उन्हें एक दिन की टिकट चेकिंग रिकॉर्ड बनाने के लिए रॉकस्टार बताया है। सेंट्रल रेलवे की तरफ से महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में सेवाओं का संचालन किया जा रहा है। महाराष्ट्र में सेंट्रल रेलवे के मुंबई, नागपुर, भुसावल, पुणे और सोलपुर डिवीजन है। रुबीना मुंबई डिवीजन में तैनात हैं। सेंट्रल रेलवे के अनुसार रुबीना मुंबई में तेजस्विनी द्वितीय बैच की टीटीआई हैं। सेंट्रल रेलवे ने रुबीना की ट्रेन में टिकट जांच करते हुए तस्वीर भी साझा की है।मुंबई डिवीजन में सघन चेकिंगसेंट्रल रेलवे की तरफ से मुंबई डिवीजन में सभी वास्तविक यात्रियों को परेशानी मुक्त आरामदायक यात्रा और बेहतर सेवाएं देने के लिए सभी कदम उठाए जा रहे हैं। इनमें बड़े पैमाने पर रैंडम टिकट चेकिंग शामिल है ताकि बिना टिकट यात्रा नहीं कर पाएं। ऐसा मुंबई उपनगरीय लोकल सेवाओं, मेल और एक्सप्रेस के साथ-साथ पैसेंजर ट्रेनों के साथ हॉलिडे स्पेशल ट्रेनों में में किया जा रहा है। पिछले दिनों टिकट चेकिंग के दौरान यात्रियों के गलत व्यवहार को रोकने के लिए रेलवे ने फ्रंट कैमे की अभी टीटीआई को देने का फैसला किया था।

# महाराष्ट्र के बुलढाणा में क्यों अचानक गंजे हो रहे थे लोग? खुलासे में गेहूं से निकला कनेक्शन

महाराष्ट्र के बुलढाणा में बाल झड़ने की कारण पता चला
रिपोर्ट में गेहूं से निकला बाल झड़ने की वजह का पता
गेहूं में जरूरत से ज्यादा सेलेनियम से झड़ रहे थे बाल

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में पिछले दिनों अचानक बाल झड़ने और लोगों के गंजे होने की घटनाओं ने चौंका दिया था। एक के बाद एक कई लोगों के बाल झड़ने के बाद सरकार भी हरकत में आई थी। इसके बाद जांच के लिए एक विशेषज्ञ कमेटी का गठन किया गया था। अब पद्मश्री सम्मानित एक विशेषज्ञ की रिपोर्ट बाल झड़ने के पीछे की वजह को लेकर चौंकाने वाला खुलासा किया है। उन्होंने कहा है कि गेहूं में जरूरत से ज्यादा सेलेनियम था। जिसकी बनी रोटी खाने के कारण लोग गंजे हो रहे थे।क्यों एकाएक झड़ने लगे बाल ?पद्मश्री सम्मानित विशेषज्ञ डॉ. हिम्मतराव बावस्कर ने बुलढाणा जिले में अचानक बाल झड़ने (एक्यूट एलोपेशिया टोटलिस) की वजह का खुलासा किया है। बावस्कर ने कहा है कि सरकारी राशन दुकानों से मिलने वाले गेहूं में अत्यधिक सेलेनियम की मात्रा से ऐसा हुआ। दिसंबर 2024 से जनवरी 2025 के बीच 18 गांवों में 279 लोग इस समस्या से प्रभावित हुए।

# महाराष्ट्र के सरकारी कर्मचारियों के लिए गुड न्यूज, सत्ता में आते ही महायुति सरकार ने दिया गिफ्ट, महंगाई भत्ता बढ़ाया

- महायुति सरकार ने सरकारी कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ाया
- महंगाई भत्ता 50% से बढ़ाकर 53% करने का फैसला लिया गया
- सरकारी कर्मियों का बढ़ा महंगाई भत्ता जुलाई 2024 से लागू होगा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः महाराष्ट्र के सरकारी कर्मचारियों के लिए अच्छी खबर है। राज्य में दोबारा सत्ता में आने के दो महीने बाद ही महायुति सरकार ने सरकारी कर्मचारियों को खुश करने वाला फैसला लिया है। राज्य सरकार के कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। इसलिए राज्य सरकार के 17 लाख कर्मचारियों को अब बड़ी राहत मिली है। राज्य सरकार के कर्मचारियों का महंगाई भत्ता अब 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 53 प्रतिशत कर दिया गया है। राज्य सरकार ने इस संबंध में सर्कुलर जारी कर दिया है। बताया गया है कि इसे जुलाई 2024 से लागू किया जाएगा। सर्कुलर में यह भी कहा गया है कि जुलाई 2024 से जनवरी 2025 तक बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता एरियर के रूप में दिया जाएगा।

### विपक्ष उठा रहा था सवाल

लगातार चर्चा हो रही है कि मुख्यमंत्री की माझी लाडकी बहिन योजना महाराष्ट्र सरकार के खजाने पर भारी बोझ डाल रही है। साथ ही इस मुद्दे पर राज्य सरकार को लेकर अलग-अलग तर्क दिए जा रहे हैं। राजनीतिक हलकों में चर्चा थी कि ऐसी अलग-अलग योजनाओं के कारण राज्य सरकार की वित्तीय स्थिति संकट में है। इस मुद्दे पर विपक्ष की ओर से राज्य सरकार को भी घेरा जा रहा है। लेकिन महाराष्ट्र सरकार के कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ाने के राज्य सरकार के फैसले से यह साफ हो रहा है कि सरकारी खजाने पर कोई असर नहीं पड़ेगा। यह भी साफ हो रहा है कि राज्य सरकार आर्थिक स्थिति को लेकर आश्वस्त है और इसके प्रति सकारात्मक है।

### क्या केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता भी बढ़ेगा?

इस बीच राज्य सरकार के कर्मचारियों की तर्ज पर केंद्र सरकार के कर्मचारियों का महंगाई भत्ता भी बढ़ने की संभावना है।

मार्च में होने वाली केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस संबंध में निर्णय लिए जाने की संभावना है। इस संबंध में केंद्र सरकार की ओर से कोई घोषणा नहीं की गई है।

लेकिन चर्चा है कि ऐसी घोषणा की जा सकती है।

# तटीय इलाकों में बढ़ी गर्मी, मुंबई का तापमान 38.4 डिग्री पहुंचा, फरवरी 5 साल में सबसे गर्म

**आईएमडी के अनुसार, 25 फरवरी को मुंबई का तापमान 38.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो 2020 के बाद फरवरी का सबसे अधिक तापमान है. दिल्ली से सुरभि गुप्ता की रिपोर्ट.**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः नई दिल्लीः भारत बेमौसम गर्मी का सामना कर रहा है. पांच साल में पहली बार 25 फरवरी को मुंबई में तापमान 38.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जिसके कारण भारत मौसम विज्ञान विभाग ने शहर और उसके आसपास के इलाकों के लिए हीटवेव का यलो अलर्ट जारी किया है. इसके उलट, जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश सहित उत्तरी भारत में ताजा बर्फबारी हुई है, जिससे देश में मौसम की एक विपरीत तस्वीर सामने आई है. मुंबई में पिछले 5 सालों में सबसे गर्म रही फरवरीआईएमडी के अनुसार, 25 फरवरी को मुंबई का तापमान 38.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सांताक्रूज के वेधशाला में सामान्य से 6.4 डिग्री अधिक है. यह साल 2020 के बाद से फरवरी का सबसे अधिक तापमान है. इससे पहले 28 फरवरी 2020 को मुंबई का तापमान इस स्तर को छुआ था. फरवरी का अब तक का सबसे गर्म तापमान 39.6 डिग्री सेल्सियस है, जो 25 फरवरी 1966 को दर्ज किया गया था. मौसम विशेषज्ञ डॉ. नरेश ने बेमौसम गर्मी के बारे में बताते हुए कहा, ₹स्थानीय विषमता हमेशा बनी रहती है. आम तौर पर, जब मार्च आता है, तो महाराष्ट्र और अन्य दक्षिणी भागों जैसे दक्षिण ओडिशा और दक्षिण गुजरात में तापमान बढ़ना शुरू हो जाता है. इन क्षेत्रों में सबसे पहले लू चलती है. अप्रैल में मध्य भारत भी इसकी चपेट में आ जाता है और मई में उत्तर और मध्य भारत में लू की स्थिति बन जाती है. आईएमडी ने आने वाले दो दिनों में मुंबई में गर्मी से कोई राहत नहीं मिलने का अनुमान जताया है और तापमान 37-38 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा. ठाणे, रायगढ़ और रत्नागिरी में भी लू की चेतावनी जारी की गई है.मुंबई के बढ़ते तापमान के पीछे कई मौसम संबंधी कारण हैंः देरी से आने वाली समुद्री हवाः मुंबई में आमतौर पर ऐसा होता है कि तटीय शहर होने के कारण ठंडी समुद्री हवा आती है. इस बार, इसके आने में देरी के कारण, अत्यधिक गर्मी पड़ रही है

तेज पूर्वी हवाएंः ये पूर्वी हवाएं आंतरिक भाग से शुष्क और गर्म हवाएं ला रही हैं, जो सामान्य शीतलन प्रभाव को बाधित कर रही हैं.

मध्य-स्तर का एंटीसाइक्लोनः इस प्रकार का मौसम हवा को ऊपर नहीं आने देता, इसलिए गर्मी जमीन के पास ही रहती है.डॉ. नरेश ने यह भी बताया, ₹मुंबई के पश्चिमी तट पर हवा का पैटर्न एक जैसा है. आम तौर पर, जब समुद्री हवा आती है, तो यह तापमान में बहुत अधिक वृद्धि को रोकती है.

# एशिया की पहली ग्लोबल हाइपरलूप प्रतियोगिता 2025 का समापन, रेल मंत्री ने लगातार इनोवेशन करते रहने पर दिया बल

## प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ डेमोंस्ट्रेशन टीम अवॉर्ड समेत अन्य अवॉर्ड हुए वितरित

- वर्टिकल टेक-ऑफ लैंडिंग व्हीकल के लिए भारतीय रेल और आईआईटी मद्रास के बीच सहयोग
- रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव समापन समारोह में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े
- यह अवॉर्ड भारत के युवा वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की विश्व स्तरीय क्षमताओं को दशार्ता है: रेल मंत्री

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

नई दिल्लीः भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास द्वारा एशिया की पहली ग्लोबल हाइपरलूप प्रतियोगिता 2025 का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के समापन समारोह में केन्द्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। इस अवसर पर आईआईटी मद्रास के निदेशक श्री वी. कामकोटि रेल भवन में उपस्थित रहे। सभी का स्वागत करते हुए उन्होंने प्रतियोगिता के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। रेल मंत्री ने सभी प्रतिभागियों एवं इंडियन इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी के छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का संकल्प है कि देश को इनोवेशन की दिशा में आगे बढ़ाना है। इसी कारण आज हम शिक्षा संस्थानों के साथ मिलकर कार्य कर पा रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि वह सम्मानित की गई टीम अविष्कार का हिस्सा रहे हैं। इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों को बेस्ट डेमोंस्ट्रेशन टीम अवॉर्ड, डेमोंस्ट्रेशन ऑफ ब्रेकिंग और ट्रैक्शन सिस्टम, तथा बेस्ट इन सब-सिस्टम (मैकेनिकल) जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। यह न केवल उनकी मेहनत और नवाचार को प्रमाणित करता है, बल्कि भारत के युवा वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की विश्व स्तरीय क्षमताओं को भी दशार्ता है। उनकी यह उपलब्धि देश को भविष्य की परिवहन क्रांति की ओर तेजी से ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि आईआईटी मद्रास द्वारा हासिल की गई 5ऋ तकनीकी में सफलता स्थापित के साथ और भारत दुनिया में सबसे तेज 5ऋ रोलआउट कर रहा है। इसी क्रम में, भारतीय रेल और आईआईटी मद्रास मिलकर वर्टिकल टेक-ऑफ लैंडिंग व्हीकल पर कार्य करेंगे, जिसे भारतीय रेल द्वारा फंड किया जाएगा। यह यात्रा के साधनों में आधुनिक और इनोवेटिव बदलावों को बढ़ावा देने में बेहद अहम कदम साबित होगा। कार्यक्रम के दौरान रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं सीईओ श्री सतीश कुमार भी समेत कई गणमान्य मौजूद रहे। भारत की पहली हाइपरलूप टेस्ट ट्रैक 422 मीटर लंबी है, जो आईआईटी मद्रास, चेन्नई में स्थित है। यह भारतीय रेल और शिक्षा क्षेत्र के बीच मजबूत साझेदारी को दशार्ता है, जिससे भारत वैश्विक स्तर पर रेलवे इनोवेशन और अत्याधुनिक यात्रा तकनीकों को बढ़ावा देने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

# महाराष्ट्र - कर्नाटक सीमा पर क्यों छिड़ा विवाद

**कर्नाटक के बेलगावी में महाराष्ट्र-कर्नाटक विवाद फिर से सामने आया. यहां पर क्यों होता है बार-बार विवाद, इसे समझें.**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः बीते सप्ताह महाराष्ट्र और कर्नाटक के सीमावर्ती जिले बेलगावी में एक बार फिर भाषा का विवाद गरमा गया है. महाराष्ट्र की सीमा से लगे कर्नाटक के इस जिले में एक छात्रा और बस कंडक्टर के बीच हुए विवाद ने बड़ा रूप धारण कर लिया. जब छात्रा ने आरोप लगाया कि बस के कंडक्टर ने उसके साथ खराब बर्ताव किया. इसके साथ ही छात्रा ने आरोप लगाया कि बस कंडक्टर ने उसे कन्नड़ में बात करने के लिए कहा, जबकि वह मराठी बोल रही थी. बता दें कि बेलगावी में आमतौर से आबादी मराठी बोलती है. इस जिले के तहत आने वाले कर्नाटक और महाराष्ट्र के बीच सीमा पर कई सौ गांव हैं जहां कन्नड़ और मराठी भाषा को लेकर अक्सर विवाद की घटनाएं मिलती है.क्या है बस कंडक्टर से जुड़ा ताजा विवादःताजा मामला तब शुरू हुआ जब कर्नाटक राज्य सड़क परिवहन निगम (केएसआरटीसी) के एक बस कंडक्टर पर कथित तौर पर हमला किया गया. आरोप है कि दो छात्रों के साथ विवाद के बाद उसने मराठी के बजाय कन्नड़ में बात की. बीते शुक्रवार दोपहर को बेलगावी के एक गांव में हुई

# शादी में दूल्हा-दुल्हन ने की हवाई फायरिंग

गाजियाबाद, मोदीनगर की गोविन्दपुरी कॉलोनी में एक शादी समारोह के दौरान कानून की धज्जियां उड़ाई गई। जयमाला कार्यक्रम के दौरान दूल्हा-दुल्हन ने हवाई फायरिंग कर दी। इस पूरी घटना का 22 सेकंड का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

**मध्य रेल**
**सोलापुर मण्डल**
**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर(क.वि), मध्य रेल, सोलापुर, निम्नलिखित कार्य के लिए ख्याति प्राप्त, अनुभवी और लाईसेंसधारी विद्युत ठेकेदारों से रेल्वे की ई प्रोक्यूरमेंट वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ऑनलाइन ई निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा क्रं:– सोला/क. वि./नि/2025/07. कार्य का नाम:–** निम्नलिखित के संबंध में विदयुत टीआरडी का कार्य–वादी यार्ड–एनआरडी लाइनों के सीएसएल को बढ़ाने के लिए पॉइंट और स्टार्टर सिग्नलों को सोलापुर छोर की और 40 मीटर तक शिफ्ट करना। **कार्य की अनुमानित लागत:** रू.1,13,00,772.98/– **बयाना राशि–** रू 2,06,500/–**कार्य पुरा करने की अवधि:** 12 माह **निविदा प्रस्ताव की वैधता:–** 60 दिन **वेबसाइट पर निविदा बंद होने की तिथि और समय:–** दि. 24.03.2025 को 15.00 बजे।
ANJ-37
अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे

**पश्चिम मध्य रेल**
**खुली निविदा सूचना**

उप मुख्य विद्युत अभियंता पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्न लिखित कार्यों हेतु आवेदन निर्धारित निविदा फार्म पर खुली आमंत्रित करता है। **निविदा सूचना क्रमांक:** EL-PROJECT-BPL-24-EPC-02 दिनांक 21.02.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** 3000 मीट्रिक टन लोडिंग लक्ष्य को पूरा करने के लिए पश्चिम रेलवे के भोपाल मंडल के इटारसी से खंडवा सेक्शन के बीच 132 केवी/2X25 केवी स्कॉट से जुड़े ट्रैक्शन सब स्टेशन और स्विचिंग पोस्टों का डिजाइन/संशोधन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग, एटी सहित स्काडा (सुपरवाइजरी कंट्रोल एंड डाटा एक्विजिशन) कार्य।, **निविदा फार्म की कीमत (रूपये):** 1504430000/–, **कार्यालय का पता जहां टेन्डर फार्म खरीदी जा सकती है।:** उप मुख्य विद्युत अभियंता – भोपाल, **बयाना राशि (रूपये):** 7520000/–, **समापन अवधि (दिन):** 540 दिन, **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय 14.00 बजे तक:** 31/03/2025 14:00 hrs, **2.11.4 (i) के अनुसार तकनीकी बोलिया खोलना समय:** 08.04.2025 11:00 hrs, निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाइट "https://ireps.gov.in" उपलब्ध है। पूर्ण निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाइट से डाउन लोड की जा सकती है।

(हस्ता.)
उप मुख्य विद्युत अभियंता (परियोजना), पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

**महाराष्ट्र शासन**
**इलाखा शहर विभाग, (सा. नि.)**
**ई-निविदा सूचना क्र. 89 वर्ष 2024-2025**

कार्यकारी अभियंता, इलाखा शहर विभाग, मुंबई (दूरभाष क्रमांक - 22016975 / 22016977) द्वारा महाराष्ट्र शासन के सार्वजनिक निर्माण विभाग में उपयुक्त वर्ग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु बी-1 प्रारूप में निविदाएं ई-निविदा प्रणाली (ऑनलाइन) के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं. निविदा स्वीकारने अथवा अस्वीकार करने का अधिकार कार्यकारी अभियंता, इलाखा शहर विभाग, मुंबई के पास सुरक्षित है.

| अ. क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि (लाख) |
|---|---|---|
| 1 | कुलाबा, मुंबई स्थित कुलाबा पुलिस लाइन ए विंग क्वार्टर्स में सीढ़ियों की मरम्मत करना | 14.40 |
| 2 | नवीन विधान भवन, मुंबई की पहली मंजिल स्थित मंत्री कक्ष में फर्श, पार्टीशन, फॉल्स सीलिंग, खिड़कियां, दरवाजों की मरम्मत एवं नवीनीकरण करना | 16.85 |
| 3 | इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस इमारत, मुंबई की छत पर मंगलोरी छत एवं टाइल्स की मरम्मत करना | 10.59 |
| 4 | भगतसिंह मार्ग, मुंबई स्थित टाउन हॉल इमारत के भूतल स्थित स्टोर रूम की फर्श, प्लास्टर, खिड़कियां, दरवाजों की मरम्मत करना | 11.73 |
| 5 | कुलाबा, मुंबई स्थित कुलाबा पुलिस लाइन ए विंग क्वार्टर्स में बरामदे की मरम्मत करना | 24.84 |
| 6 | महापालिका मार्ग, मुंबई स्थित सीएमएम कोर्ट भवन, चीफ मजिस्ट्रेट कोर्ट परिसर में ऐक्रेलिक शीट, पार्टीशन एवं अन्य संबद्ध कार्यों की मरम्मत करना | 16.94 |
| 7 | प्रशासकीय स्टाफ कॉलेज, मुंबई स्थित मानवाधिकार आयुक्त कार्यालय परिसर की बाहरी प्लास्टर, पैचवर्क एवं रंगाई कार्य की मरम्मत करना | 9.54 |
| 8 | एल.टी. मार्ग, मुंबई स्थित सी ब्लॉक पुलिस क्वार्टर्स में कंपाउंड वॉल और फर्श की मरम्मत कार्य करना | 19.64 |
| 9 | जुना जकात घर इमारत, मुंबई स्थित डी.डी. इमारत में फर्श, दरवाजे, खिड़कियां, जल आपूर्ति, सैनेटरी फिटिंग, प्लास्टर, रंगाई, मरम्मत एवं नवीनीकरण कार्य करना | 15.16 |
| 10 | कारवार स्ट्रीट पुलिस लाइन, फोर्ट, मुंबई स्थित बी विंग की द्वितीय एवं तृतीय मंजिल पर पॉलिमर मोर्टार, प्लास्टर, फर्श, दरवाजे, खिड़कियां, सैनेटरी फिटिंग, शौचालय आदि की मरम्मत एवं नवीनीकरण करना | 24.86 |
| 11 | कारवार स्ट्रीट पुलिस लाइन, फोर्ट, मुंबई स्थित ए विंग में 5 कोट पेंटिंग के समक्ष पॉलिमर मोर्टार एवं रंगाई कार्य की मरम्मत एवं नवीनीकरण करना | 24.88 |
| 12 | कुलाबा, मुंबई स्थित कुलाबा पुलिस लाइन बी विंग क्वार्टर्स में सीढ़ियों की मरम्मत करना। | 4.40 |
| 13 | एल्फिंस्टन टेक्निकल हाईस्कूल, मुंबई भवन में 5वीं मंजिल की खिड़कियों में स्लाइडिंग कार्य करना | 12.68 |
| 14 | एल्फिंस्टन टेक्निकल हाईस्कूल, मुंबई भवन की तीसरी मंजिल स्थित एम.एमसी. इंडस्ट्रियल बायोटेक्नोलॉजी लैब का नवीनीकरण करना | 8.99 |
| 15 | एल्फिंस्टन टेक्निकल हाईस्कूल, मुंबई भवन के भूतल से तीसरी मंजिल तक दरवाजे एवं खिड़कियों की मरम्मत करना | 26.14 |
| 16 | एल्फिंस्टन टेक्निकल हाईस्कूल, मुंबई भवन के पूर्व एवं पश्चिम दिशा में एमटी रूफ टॉवर का नवीनीकरण करना | 29.55 |
| 17 | चर्चगेट, मुंबई स्थित बी रोड सिडनहम कॉलेज की पहली मंजिल पर प्रोफेसर कक्ष का नवीनीकरण करना | 24.27 |
| 18 | जुना जकात घर इमारत, मुंबई स्थित डी.डी. इमारत में पहली से तीसरी मंजिल तक वेल्डिंग ग्रिल, लकड़ी की फ्रेम, फर्श, मेलामाइन पॉलिश, प्लास्टर, रंगाई, मरम्मत एवं नवीनीकरण कार्य करना | 10.69 |
| 19 | कुलाबा, मुंबई स्थित कुलाबा पुलिस लाइन बी विंग क्वार्टर्स में बरामदे की मरम्मत करना | 24.77 |
| 20 | एल.टी. मार्ग, मुंबई स्थित बी ब्लॉक पुलिस क्वार्टर्स में कंपाउंड वॉल की मरम्मत करना | 23.03 |
| 21 | एल्फिंस्टन टेक्निकल हाईस्कूल, मुंबई विस्तार भवन में भूतल स्थित मैकेनिकल वर्कशॉप का नवीनीकरण करना | 14.65 |
| 22 | एन.डी. रोड, मुंबई स्थित रॉकी हिल टॉवर में सैनेटरी, प्लंबर फिटिंग, हार्डवेयर सामग्री की आपूर्ति एवं वार्षिक मरम्मत कार्य करना | 14.92 |
| 23 | एल्फिंस्टन टेक्निकल हाईस्कूल, मुंबई विस्तार भवन में दाएं एवं बाएं हिस्से में संरचनात्मक मजबूतीकरण एवं नवीनीकरण कार्य करना | 13.40 |
| 24 | मंत्रालय, मुंबई मुख्य इमारत की छठी मंजिल पर मा. डीसीएम सचिव कक्ष का नवीनीकरण करना | 22.31 |
| 25 | मंत्रालय, मुंबई विस्तार भवन, कक्ष क्रमांक 708 में सचिवालय कार्यालय, अल्पसंख्यक विकास विभाग का नवीनीकरण करना | 29.43 |

ई-निविदा उपलब्ध अवधि : 27.02.2025 से 06.03.2025 तक
ई-निविदा खुलने की तिथि : 07.03.2025 को दोपहर 03:00 बजे
निविदा सूचना में किसी प्रकार का संशोधन/परिवर्तन किए जाने पर उसका संशोधन पत्र समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जाएगा। सभी परिवर्तन केवल ऑनलाइन निविदा प्रक्रिया में प्रकाशित किए जाएंगे।
ई-निविदा से संबंधित संपूर्ण जानकारी निम्नलिखित वेबसाइटों पर उपलब्ध है:
1. www.mahapwd.com 2. http://mahatenders.gov.in
जा. क्रमांक : इशवि/निलि/2080
कार्यकारी अभियंता, इलाखा शहर विभाग, मुंबई, कार्यालय
सार्वजनिक निर्माण विभाग, 2री मंजिल, निर्माण भवन, 25 मर्झबान रोड, फोर्ट, मुंबई - 400001
ईमेल : presidency.ce@mahapwd.gov.in
दिनांक : 21.02.2025

हस्ता./-
(वी. ए. पाटसकर)
कार्यकारी अभियंता, इलाखा शहर विभाग, मुंबई

डीजीआयपीआर/2024-2025/6700

## कोपरी के निवासियों को डेवलपर ने दिया धोखा ,ठाणे कांग्रेस ने दी आंदोलन की चेतावनी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे ,कोपरी, सिंधी कॉलोनी में बिल्डिंग नंबर 16 अच्छी हालत में होने बावजूद खतरनाक श्रेणी में रखा गया है। 2016 में, बिल्डर ने इमारत के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर करके निवासियों को 450 वर्ग फुट जगह देने पर सहमति देने के बाद में वह अपने समझौते से मुकर गया। कुछ निवासियों ने अपने घर खाली कर दिए, लेकिन डेवलपर ने समझौते में 450 वर्ग फीट जगह का वादा नहीं निभाया। अधिकारियों ने इमारत खाली करने के लिए हाथ मिलाया और डेवलपर ने इमारत को बेहद खतरनाक श्रेणी में डाल दिया और झूठी संरचनात्मक ऑडिट रिपोर्ट और अन्य दस्तावेज पेश करके अदालत में इमारत को खतरनाक साबित कर दिया। इस इमारत के ध्वस्त होने के कारण निवासी बेघर हो रहे हैं, उन्होंने ठाणे कांग्रेस अध्यक्ष विक्रांत चव्हाण से मुलाकात की और उनके सामने अपनी शिकायतें रखा है। उन्होंने ठाणे मनपा के अधिकारियों की गलत नीतियों, गलत रिपोर्टों और विकास की कमी के कारण आम ठाणेकर नागरिक को उनके सही घर से बेघर होने के बारे में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस समय एक निवासी ने कहा कि मेरे पिता, जो एक सचिव थे और दिवंगत थे, दस्तावेजों पर फर्जी हस्ताक्षर किया था और यह मामला पुलिस प्रशासन के संज्ञान में लाने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। साथ ही एक निवासी ने सवाल उठाया कि भले ही हमने 2018 में इस इमारत पर 18 लाख रुपये खर्च किए और मनपा को ऐसी रिपोर्ट सौंपी, फिर भी हमारी इमारत खतरनाक कैसे हो सकती है ? हर आम लोगों का सपना होता है कि उन्हें उनका हक का घर मिले लेकिन यहां प्रशासन के हाथों इन लोगों के हक के घर को तोड़ा जा रहा है। जब उन्हें बेघर किया जा रहा है तो वे कहां जाएं ? विक्रांत चव्हाण ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि डेवलपर ने पंजीकरण समझौते पर हस्ताक्षर करके भी इन नागरिकों को धोखा दिया है, इसलिए कांग्रेस आम नागरिकों के पक्ष में है और कानूनी तरीकों से उनके न्याय की लड़ाई लड़ेगी।

## ड्रग्स के कारोबार पर अंकुश लगाने और युवा पीढ़ी का भविष्य बचाने की पुलिस आयुक्त से मांग

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे, मुंब्रा, ठाणे ,भिवंडी व आसपास के उप नगरों में बढ़ते नशा के कारोबार पर अंकुश लगाने एवं युवाओं का भविष्य बचाने की मांग को लेकर धर्मगुरु , आल इंडिया सून्नी जमीयतूल उलेमा के अध्यक्ष मौलाना सैयद मोइनुद्दीन अशरफ के नेतृत्व में उलेमा और बुध्दिजीवीयों के एक प्रतिनिधि मंडल ने ठाणे पोलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे से मुलाकात की। उन्होंने नशीले पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर युवाओं का भविष्य बर्बाद करने से बचाने में सहयोग करें। पुलिस आयुक्त डुंबरे ने कहा कि इस गंभीर समस्या पर पुलिस कार्रवाई कर रही है इसमें कोई ढिलाई नहीं होगी। इस बीच धर्मगुरु मौलाना सैयद अशरफ ने पुलिस आयुक्त से मुलाकात मुखातिब होते हुए कहा कि मुंब्राभिवंडी , राबोड़ी आदि इलाकों में ड्रग्स का खुलेआम कारोबार फल फूल रहा है जो समाज के लिए बहुत ही घातक है इस सामाजिक बीमारी को रोकने की जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की ही नहीं बल्कि इसके लिए समाज के विविध घटकों को आगे आने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि इस वक्त पुलिस कड़ी कार्रवाई और निगरानी शुरू की है इस कार्य में समाज ने अन्य घटकों को सहयोग के लिए आगे आना चाहिए। सामाजिक कार्यकर्ता इसे अपनी सामाजिक जिम्मेदारी समझकर नशीले पदार्थ की बिक्री और सेवन करने वालों की पुलिस को सूचना देना चाहिए जिससे उनके खिलाफ कार्रवाई हो सके। मौलाना सैयद अशरफ ने बताया कि मुंब्रा में हमें बहुत शिकायत मिल रही है। युवाओं का भविष्य को बचाने के लिए आज हम सब पुलिस आयुक्त से मिलकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस आयुक्त डुंबरे ने अपना मोबाईल नंबर साझा करते हुए कहा कि जहां कहीं भी ड्रग्स बिकता नजर आए वह डायरेक्ट मुझे मैसेज करें , हम तत्काल कार्रवाई करेंगे। नशा के आलावा किसी भी प्रकार की अपराधिक गतिविधियों को सूचना दें जिससे अपराध करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने में मदद मिले। ड्रग्स के खिलाफ इसके पहले भी मौलाना सैयद अशरफ ने मुंब्रा में मुहीम चलाया जिससे पुलिस ने भी सक्रियता दिखाया था। इसके बावजूद मुस्लिम बस्तियों में ड्रग्स समाज और देश को खोखला बना रहा है। युवा पीढ़ी ड्रग्स की लत से बर्बाद हो रही है। इसे रोकना सबकी जिम्मेदारी है जब तक बड़े ड्रग्स माफियाओं पर कड़ी कार्रवाई नहीं होती तब तक युवाओं को नशे की दलदल से बाहर निकालना संभव नहीं होगा। उन्होंने ड्रग्स के खिलाफ अभियान में समाज के सभी घटकों को आगे आने का आवाहन किया है।

फास्ट ट्रैक

## 35वीं महाराष्ट्र राज्य पुलिस खेल चैम्पियनशिप, 2025 ठाणे में 1 मार्च तक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , ठाणे पुलिस आयुक्तालय के अंतर्गत 22 फरवरी से 1 मार्च 2025 तक 35 वीं महाराष्ट्र राज्य पुलिस खेल प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, फुटबॉल, वॉलीबॉल, हैंडबॉल, बास्केटबॉल, खो-खो, कबड्डी, ताइक्वांडो, डू-शू, जूडो, कुश्ती, मुक्केबाजी, हॉकी, भारोत्तोलन, पावरलिफ्टिंग, बॉडीबिल्डिंग, क्रॉस कंट्री और तैराकी जैसे 18 खेल शामिल हैं। इस प्रतियोगिता में पूरे महाराष्ट्र पुलिस विभाग की कुल 13 टीमों ने भाग लिया है और 2 हजार 323 पुरुष और 606 महिला खिलाड़ियों सहित कुल 2 हजार 929 खिलाड़ियों ने भाग लिया है। एमएमआरडीए प्रतियोगिता के लिए आए सभी खिलाड़ियों के लिए आवास और भोजन की व्यवस्था करेगा। भयंदरपाड़ा में क्वार्टरों की व्यवस्था की गई है और उन्हें प्रतियोगिता स्थल तक लाने-ले जाने के लिए वाहनों की भी व्यवस्था की गई है। प्रतियोगिता का आयोजन साकेत पुलिस परेड ग्राउंड, मुख्यालय के ओल्ड परेड ग्राउंड, साकेत के हेलीपैड, सिद्धि हॉल और रहेजा गार्डन ठाणे स्पोर्ट्स क्लब में किया जाता है। इस प्रतियोगिता के सीरीज मैच 22 फरवरी 2025 से शुरू हो चुके हैं, अब तक हॉकी (पुरुष), फुटबॉल (पुरुष), खो-खो (महिला और पुरुष), कबड्डी (महिला और पुरुष), कुश्ती (महिला और पुरुष), मुक्केबाजी (महिला और पुरुष), ताइक्वांडो (महिला और पुरुष), पावर लिफ्टिंग (महिला और पुरुष), वॉलीबॉल (महिला और पुरुष) और इन खेलों के फाइनल मैच अभी बाकी हैं। इसके अलावा बाकी खेल 25 फरवरी 2025 को शुरू हो चुके हैं। https://youtube.com/@cpthanecitysi=2jLxYJoKSU3YbLRH पर एक यूट्यूब लिंक बनाया गया है ताकि खेल प्रशंसक लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से टूर्नामेंट का आनंद ले सकें। प्रतियोगिता का उद्घाटन 27 फरवरी 2025 को शाम 5:00 बजे महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और ठाणे जिले के संरक्षक मंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा किया जाएगा और प्रतियोगिता का समापन 1 मार्च 2025 को शाम 3:30 बजे महाराष्ट्र राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर महाराष्ट्र राज्य पुलिस बल के प्रमुख, पुलिस महानिदेशक श्रीमती रश्मि शुक्ला और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे। ठाणे सिटी पुलिस आयुक्तालय की ओर से अपील की गई है कि जिले के सभी मीडिया प्रतिनिधियों और खेल प्रेमियों को भाग लेने वाले एथलीटों का मनोबल बढ़ाने के लिए इस प्रतियोगिता में भाग लेना चाहिए।

## अंबरनाथ में जगह-जगह लगा कूड़े का अंबार




भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अंबरनाथ. महाशिवरात्रि पर्व पर आयोजित होने वाली प्राचीन शिवमन्दिर की यात्रा की पूर्व संध्या पर अंबरनाथ पश्चिम स्थित स्टेशन परिसर में लगा कूड़े का अंबार। अंबरनाथ नगरपालिका के कूड़ा उठाने वाली घंटा गाड़ियों के हड़लाल का दुष्परिणाम शहर में जगह-जगह लगा कूड़े का ढेर।

## भिवंडी में अब्दुल मलिक मोमिन की दो पुस्तकों का हुआ विमोचन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क





ठाणे , हल्कऐ अदब भिवंडीसंस्था द्वारा प्रसिध्द लेखक एवं शिक्षाविद अब्दुल मलिक मोमिन की दो पुस्तकों ₹मशाहिरे भिवंडीऔर ₹उमरा व हज के शब-ओ-रोजका विमोचन जीएम मोमिन वीमेंस कालेज हाल में केएमई सोसायटी के पूर्व अध्यक्ष मुहम्मद असलम फकीह की अध्यक्षता में किया गया। असलम फकीह ने अध्यक्षीय भाषण में मशाहिरे भिवंडी पुस्तक पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह एक दस्तावेजी पुस्तक है। इसकी सामग्री को देखकर उन्होंने कहा कि मलिक मोमिन की यह पुस्तक पीएचडी के योग्य है, इसके लिए प्रयास किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में मौलाना अबू जफर हस्सान नदवी,शरीफ हसन रमजान मोमिन और सलीम रहमतुल्लाह अंसारी मुख्य अतिथि व विशेष अतिथि के रूप में पूर्व विधायक एडवोकेट अब्दुल रशीद ताहिर मोमिन,पूर्व सांसद सुरेश टावरे,नजर अब्दुल लतीफ मदू और गणेश दत्तात्रेय दांडेकर आदि कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत कारी इजहार की तिलावत और तजुर्मे से हुई। पूर्व प्रधानाचार्य बिलाल अहमद मोमिन ने अतिथियों का परिचय सहित स्वागत किया। रईस हाई स्कूल के पूर्व चेयरमैन और कार्यक्रम के संयोजक मोहम्मद शफी मुकरी ने उद्घाटन भाषण प्रस्तुत करते हुए पुस्तक की उपयोगिता एवं आवश्यकता पर प्रकाश डाला। ततपश्चात असलम फकीह और सलीम रहमतुल्लाह अंसारी द्वारा मशाहिरे भिवंडीका लोकार्पण और मौलाना अबू जफर हस्सान नदवी द्वारा उमरा व हज के शब ओ रोजका लोकार्पण संपन्न हुआ। इस अवसर पर पुस्तक के लेखक मलिक मोमिन सर की खिदमत में हल्कऐ अदब भिवंडी तथा उन के शुभ चिन्तकों द्वारा शाल, पुष्पगुच्छ एवं उपहार भेंट किया गया। मौलाना अबू जफर हस्सान नदवी ने फारसी कविताओं के माध्यम से पुस्तक और उसके लेखक की विशेषताओं पर तबसेरा प्रस्तुत किया। दैनिक इंकलाब के संपादक शाहिद लतीफ ने मशाहिरे भिवंडी पुस्तक पर अपने विचार व्यक्त करते हुए हुए कहा कि यह पुस्तक भिवंडी की तरक्की में बुजुर्गों के किए गए प्रयासों की मालूमात को नई पीढ़ी तक स्थानांतरित करने के लिए एक मूल्यवान दस्तावेजी पुस्तक है।

## त्यौहार : महाशिवरात्रि का पर्व आज,अंबरनाथ के प्राचीन शिवमन्दिर पर आज लगेगा भक्तों का मेला

### मंदिर समिति,पुलिस प्रशासन और नगरपालिका ने यात्रा को लेकर विशेष प्रबंध किए।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अंबरनाथ. महाशिवरात्रि का पर्व आज मनाया जा रहा है। महाकुंभ का आज अंतिम दिन भी है,इस नजरिए से इस वर्ष यह पर्व विशेष महत्व रखता है। यह पर्व प्रतिवर्ष फाल्गुन माह की कृष्णपक्ष की चतुर्दशी को मनाया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था और आज के दिन ही शिव भगवान ने अपना तीसरा नेत्र खोल कर ब्रह्मांड का सर्वनाश किया था। इस पर्व के उपलक्ष में अंबरनाथ के लगभग 960 वर्ष पुराने ऐतिहासिक और स्थापत्य की दृष्टिकोण से उत्कृष्ट शिवमन्दिर को मंदिर प्रबंधन समिति ने आकर्षक और भव्य तरीके से सजाया संवारा है। आज के दिन 5 से 6 लाख श्रद्धालुओं के मंदिर परिसर में आने की संभावना है। महाशिवरात्रि के दिन प्राचीन शिवमन्दिर में आकर शिवजी की पूजा अर्चना करते हैं। शिवलिंग का जलाभिषेक किया जाता है। मंदिर प्रबंधन समिति, अंबरनाथ पुलिस प्रशासन और नगरपालिका ने आज होने वाली यात्रा को लेकर सुरक्षा प्रबंध की विशेष चाक चौबंद व्यवस्था की है। अंबरनाथ के सहायक पुलिस आयुक्त शैलेश काले ने सुरक्षा प्रबंध के विषय में बताया है कि आज के दिन दो सहायक पुलिस आयुक्त, सात पुलिस निरीक्षक,37 सहायक पुलिस निरीक्षक,पुलिस उपनिरीक्षक और लगभग 350 पुलिस कर्मी नियुक्त किए गए हैं। उल्हासनगर परिमंडल 4 के पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे, अंबरनाथ के सहायक पुलिस आयुक्त शैलेश काले और शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन के निरीक्षक रमेश पाटिल ने सुरक्षा प्रबंध का जायजा लिया। भक्तों से विशेष अपील की गई है कि यात्रा में वाहन का प्रयोग न करे। दर्शनार्थियों से अपील की गई है कि चैन स्नेचिंग की घटनाओं को देखते हुए सोने आदि के बहुमूल्य गहने न पहनकर आएं । दर्शनार्थियों के लिए मंदिर में आने और जाने के लिए बैरिकेड बनाए गया हैं। भीड़ नियंत्रण और सुव्यवस्था के लिए तीन पुलिस सहायता कक्ष बनाए गए हैं। एक शिवमन्दिर कमानी के पास दूसरा एग्जिट पॉइंट के पास और तीसरा स्वामी समर्थ मंदिर के पास सहायता कक्ष बनाया गया है। मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

## महाशिवरात्रि की तैयारी का जायजा लेने पहुंचे कोतवाली मान्धाता के थानाध्यक्ष

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रतापगढ़ [ उप्र ], महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर महडौर धाम पर महाशिवरात्रि मेला की तैयारी का जायजा लेने टीम के साथ कोतवाली मान्धाता थानाध्यक्ष सुभाष कुमार यादव पहुंचे और प्रधान, मंदिर के पुजारी के साथ साथ क्षेत्र के लोगों से चर्चा की। कोतवाली मान्धाता थानाध्यक्ष सुभाष कुमार यादव मंदिर परिसर में साफ-सफाई, पार्किंग, लाईट, रास्ते पर चर्चा के दौरान निर्देशित किया की मंदिर परिसर में वाहनों का आगमन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। जल चढ़ी के दौरान कतारबद्ध होकर बारी बारी से जल चढ़ी और पूजा पाठ के लिए छोड़ा जाए, कोतवाली मान्धाता थानाध्यक्ष सुभाष कुमार यादव ने कहा कि पुलिस की टीम पूरी तरह से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एलर्ट है मेले में आवारा गर्दी करने वालों से सख्ती से निपटा जायेगा, कोतवाली मान्धाता थानाध्यक्ष सुभाष कुमार यादव ने क्षेत्र के लोगों से सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि पुलिस आप सभी की सुरक्षा व्यवस्था के लिए है। इस दौरान उड़ी का डीह प्रधान, मंदिर के पुजारी, पुलिस इंस्पेक्टर तौहिद खान, सुधीर पाण्डेय, सहित पुलिस कर्मी और क्षेत्र के लोग उपस्थित थे। महडौर धाम के पुजारी ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व पर सुबह तड़के से जल चढ़ी शुरू हो जायेगी कतार में लगकर बारी बारी से जल चढ़ी करने के साथ साथ समय का ख्याल रखना होगा क्योंकि आपके पीछे भी कतार में लोग खड़े रहते हैं मंदिर के पुजारी ने क्षेत्र के लोगों से महाशिवरात्रि पर्व और मेले पर सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग और शांती पूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपील की है।

## वकीलों का अधिवक्ता संशोधन बिल के खिलाफ प्रदर्शन

- रजिस्ट्री और कचहरी के गेट पर लगाए ताले, धरने पर बैठे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, सेंट्रल बार एसोसिएशन के नेतृत्व में वकीलों ने अधिवक्ता संशोधन बिल के विरोध में आज बड़ा प्रदर्शन किया। वकीलों ने रजिस्ट्री कार्यालय और कचहरी के गेट नंबर 4 और 6 पर ताले लगा दिए। सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय वर्मा और महासचिव अवधेश तोमर के नेतृत्व में वकीलों ने कचहरी से खिरनीबाग चौराहा बिस्मिल पार्क तक जुलूस निकाला। यह जुलूस वापस कचहरी गेट पर पहुंचकर धरने में बदल गया। वकील सड़क किनारे कुर्सियां डालकर बैठ गए और नारेबाजी करने लगे। प्रदर्शन को देखते हुए कचहरी के आसपास भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया है। सेंट्रल बार एसोसिएशन के पदाधिकारी प्रशासन को ज्ञापन देकर अपना विरोध दर्ज कराएंगे।

## मां की हत्या करने वाला बेटा गिरफ्तार

- बेटी की जानकारी नहीं देने पर डंडे से किया था हमला, बड़े भाई ने करवाया था केस

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, एक बेटे ने अपनी 75 वर्षीय मां की डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना 23 फरवरी की है। सतवां गांव की रहने वाली मिजना देवी की मौत उनके बेटे महेंद्र के हाथों हुई। महेंद्र शराब के नशे में अपनी बेटी को पीट रहा था। बेटी घर में छिप गई। इसके बाद वह अपनी मां के घर पहुंचा। मां से बेटी के बारे में पूछा। जब मां ने बेटी की जानकारी देने से मना कर दिया तो महेंद्र ने गुस्से में वहीं पड़े डंडे से उन पर हमला कर दिया। मां की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के दूसरे बेटे जीतराम ने महेंद्र के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी को मोहम्मदी रोड से गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल किया गया डंडा भी बरामद कर लिया गया है। थाना प्रभारी हरपाल सिंह बालियान के अनुसार, आरोपी को पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

## बाइक सवार पर कुत्ते को कुचलकर मारने का आरोप

### 50 घंटे तक घर में रखा शव, एसपी से मिलने के बाद दर्ज हुई एफआईआर

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, एक अजीब मामला सामने आया है। एक व्यक्ति को अपने पालतू कुत्ते की मौत के मामले में न्याय पाने के लिए अनूठा विरोध करना पड़ा। उसने 50 घंटे तक कुत्ते का शव घर में रखा। तुकीर्खेड़ा गांव निवासी शरीफ खां ने तीन महीने पहले एक कुत्ता पाला था। 22 फरवरी को गांव के जाबिर ने कथित तौर पर बाइक से कुत्ते को कुचल दिया। शरीफ के विरोध करने पर जाबिर अपने साथी इलियास और समसुद्दीन के साथ आया। उन्होंने शरीफ को धमकाया और गालियां दीं। उसी शाम नमाज से लौटते समय आरोपियों ने फिर शरीफ को घेर लिया। उन्होंने शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। शरीफ ने थाने और पुलिस चौकी में शिकायत की। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद शरीफ ने कुत्ते का शव घर में ही रखा। एसपी से मिलने के बाद मामले में एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस ने कुत्ते के शव का पोस्टमार्टम कराया। फिर शरीफ ने शव को दफनाया। थाना प्रभारी राजीव कुमार के अनुसार, कुत्ते को बाइक से मारने की एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच जारी है।

## खेत में करंट लगने से सिक्योरिटी गार्ड की मौत

### बिजली के तार से चिपका मिला शव, पशुओं को भगाते समय हुआ हादसा



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, एक घटना सामने आई है। मदनापुर थाना क्षेत्र में आवारा पशुओं को भगाने गए एक सिक्योरिटी गार्ड की करंट लगने से मौत हो गई। सैजनपुर गांव के 50 वर्षीय सुरेश पिपरौला में सिक्योरिटी गार्ड के रूप में कार्यरत थे। सोमवार को वह खेत से आवारा पशुओं को भगाने गए थे। जब वह समय पर ड्यूटी के लिए घर पर नहीं पहुंचे, तो परिवार को चिंता हुई। परिजन उन्हें खोजने खेत की ओर गए। वहां एक स्थान पर सुरेश के कपड़े और मोबाइल फोन मिला। आगे की तलाश में खेत के किनारे बिजली के तार से चिपका उनका शव बरामद हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सुरेश की मौत से परिवार में शोक की लहर है।

## खुद को घायल कराकर जमीन पर लौटा नाबालिग कर्मचारी



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, एक कंपनी के नाबालिग कर्मचारी ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर फर्जी लूट का नाटक रचा। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। श्री गणेश इंटरप्राइजेज के नाबालिग कर्मचारी ने बीसलपुर से कंपनी की वसूली की। वापस लौटते समय उसने अपने साथियों के साथ मिलकर फर्जी लूट की योजना को अंजाम दिया। घटना को असली दिखाने के लिए साथियों ने उसके हाथ पर ब्लेड से वार किया। पुलिस को शक होने पर जब सख्ती से पूछताछ की गई, तो पूरा मामला सामने आ गया। पुलिस ने कटरा निवासी जीतेंद्र उर्फ सोनू मौर्य और तिलहर के धर्मदेव को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से एक लाख 47 हजार रुपए नकद, तीन मोबाइल, बीस हजार रुपए का चेक और एक बाइक बरामद की गई है। एसपी सिटी संजय कुमार ने बताया कि सभी आरोपियों को जेल भेजा जा रहा है।

भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)
4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# ट्रम्प ने ईमेल मामले में मस्क का समर्थन किया

## कहा- हर कर्मचारी को जवाब देना होगा कि क्या काम किया, वरना नौकरी जाएगी

एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईमेल का जवाब न देने पर सरकारी कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की धमकी देने के मामले में इलॉन मस्क का समर्थन किया है। ट्रम्प ने कहा कि हर स्टाफ को यह जानकारी देनी चाहिए कि उन्होंने इस सप्ताह क्या काम किया है। इससे पता चलेगा कि वे वास्तव में काम कर रहे हैं या नहीं। इससे सरकार को भी पता चलेगा कि किन लोगों को बिना काम किए पैसा मिल रहा है। यदि कोई जानकारी नहीं देता तो उसे जल्द ही नौकरी से निकाल दिया जाएगा। ट्रम्प ने कहा कि डीओजीई ने सैकड़ों अरबों डॉलर की धोखाधड़ी का खुलासा किया है। जांच में पता चला है कि जो कर्मचारी मौजूद भी नहीं हैं, उन्हें भी वेतन मिल रहा है। हालांकि ट्रम्प ने अपने दावे के पक्ष में कोई सबूत पेश नहीं किया। मस्क



बोले- 7 दिन का हिसाब दो या नौकरी छोड़ो इलॉन मस्क के डीओजीई डिपार्टमेंट ने अमेरिका में सभी फेडरल कर्मचारियों को 3 लाइन एक ईमेल भेजा था। इसमें उनसे पूछा गया था कि उन्होंने बीते एक सप्ताह में क्या काम किया। उन्हें 5 पॉइंट में इसका जवाब देना था। यह ईमेल यूएस ऑफिस ऑफ पर्सनल मैनेजमेंट (ओपीएम) से आया था, जिसका विषय था आपने पिछले सप्ताह क्या किया? यह ईमेल 23 लाख फेडरल कर्मचारियों को भेजा गया था और उन्हें सोमवार रात 11:59 तक इसका जवाब देना था। हालांकि ईमेल में यह नहीं लिखा था कि ऐसा न करने पर नौकरी से निकाल दिया जाएगा। मस्क ने बाद में चेताया कि यदि कोई कर्मचारी जवाब नहीं देता है तो उसे उसका इस्तीफा मान लिया जाएगा। काश पटेल ने कहा था- किसी ईमेल का जवाब न दें मस्क के ईमेल के जवाब में ऋइक के नवनियुक्त डायरेक्टर काश पटेल ने अपने कर्मचारियों को कहा कि फिलहाल ईमेल पर किसी भी तरह का जवाब न दें। काश पटेल एफबीआई के 9वें डायरेक्टर बनाए गए हैं। मस्क की कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की धमकी का मामला अब कोर्ट तक पहुंच गया है। फेडरल कर्मचारियों ने सोमवार को कैलिफोर्निया की फेडरल कोर्ट में राष्ट्रपति ट्रम्प और उनके सलाहकार मस्क के खिलाफ मुकदमा दायर कर दिया। मस्क के आदेश के खिलाफ कोर्ट पहुंचे सैकड़ों कर्मचारी संघीय कर्मचारियों के वकीलों ने सोमवार को कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प के अरबपति सलाहकार मस्क ने सरकारी कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की धमकी देना कानून का उल्लंघन है। मुकदमे में कहा गया है कि अमेरिका के इतिहास में कभी भी किसी कर्मचारियों से ऐसी किसी रिपोर्ट की मांग नहीं की है।

इस बीच वॉशिंगटन पोस्ट ने सूत्रों के हवाले बताया है कि यूएस ऑफिस ऑफ पर्सनल मैनेजमेंट (ओपीएम) ने अपने कर्मचारियों से इस ईमेल को इग्नोर करने को कह दिया है। साथ में ये भी कहा गया है कि ईमेल का जवाब देना स्वैच्छिक था।

# जर्मनी, ब्रिटेन और फ्रांस ने किया यूक्रेन का समर्थन

## यूरोपीय देशों में नाराजगी, पुराने साथी अमेरिका ने दिया रूस का साथ

एजेंसी

वॉशिंगटन, अमेरिका ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र (यूएन) महासभा में यूक्रेनी प्रस्ताव के खिलाफ रूस के समर्थन में वोटिंग की। यूक्रेन ने रूस के साथ युद्ध को 3 साल पूरे होने पर वठ में एक प्रस्ताव पेश किया था। इस प्रस्ताव में रूसी हमले की निंदा करने और यूक्रेन से तत्काल रूसी सेना को वापस बुलाने की मांग की गई थी। अमेरिका ने अपनी पुरानी नीतियों के उलट साथी यूरोपीय देशों के खिलाफ जाकर इस प्रस्ताव के विपक्ष में मतदान किया। जबसे रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध की शुरूआत हुई, तब से पहली बार



अमेरिका और इजराइल ने यूक्रेन के खिलाफ वोट किया है। जबकि भारत और चीन समेत 65 देशों ने वोटिंग में हिस्सा नहीं लिया। प्रस्ताव का समर्थन करने वालों में जर्मनी, ब्रिटेन और फ्रांस जैसे प्रमुख यूरोपीय देश शामिल हैं। यह प्रस्ताव 18 के मुकाबले 93 मतों से पारित हो गया। अमेरिकी प्रस्ताव में रूस का जिक्र तक नहीं अमेरिका ने भी वठ में 3 पैराग्राफ का प्रस्ताव पेश किया। इसमें न तो रूसी हमले का जिक्र था और न ही किसी तरह की निंदा की। इसमें बस दोनों देशों में हुए जानमाल के नुकसान पर शोक जाहिर किया गया। अमेरिका ने कहा कि वो लड़ाई को जल्द खत्म करके यूक्रेन और रूस के बीच स्थायी शांति की अपील करता है। यूरोपियन डिप्लोमैट्स ने कहा कि वो इस बात से नाराज हैं कि उनके पुराने सहयोगी ने उनके खिलाफ वोट दिया है। ट्रम्प और जेलेंस्की में जुबानी जंग यह सारा मामला ऐसे वक्त पर हो रहा है जब हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की के बीच जुबानी जंग देखने को मिली थी। अमेरिकी राष्ट्रपति ने बुधवार को सोशल मीडिया पोस्ट में जेलेंस्की को एक मामूली कॉमेडियन और बिना चुनाव वाला एक तानाशाह बताया था। इससे पहले जेलेंस्की ने कहा कि ट्रम्प गलत जानकारी के साथ, गलतफहमी में जी रहे हैं। जेलेंस्की का ये बयान ट्रम्प के एक आरोप के जवाब में आया था। दरअसल ट्रम्प ने कहा था कि यूक्रेन में जेलेंस्की की अप्रूवल रेटिंग गिरकर सिर्फ 4% रह गई है। ट्रम्प ने यूक्रेन को युद्ध के लिए दिया गया पैसा वापस मांगा है।

# कौन हैं फेडरिक मर्त्ज, जो जर्मन चांसलर बन सकते हैं

## अप्रवासियों को लेकर ट्रम्प की तरह कट्टर, जर्मनी में गांजे पर प्रतिबंध लगाना चाहते हैं

एजेंसी

बर्लिन, जर्मनी में दो दिन पहले हुए चुनाव में दक्षिणपंथी पार्टी क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन (सीडीयू) सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। पार्टी नेता फ्रेडरिक मर्त्ज देश के नए मुखिया यानी चांसलर बन सकते हैं। मर्त्ज भले ही उस पार्टी के लीडर हैं, जिसकी नेता एंजेला मर्केल चांसलर रहे चुकी हैं, लेकिन मर्केल की तुलना में मर्त्ज कहीं ज्यादा आक्रामक हैं। वे अमेरिका के बड़े समर्थक माने जाते हैं। हालांकि, यूरोप और यूक्रेन को लेकर ट्रम्प के दिए बयानों की वजह से वे अमेरिका से दूरी बनाने की बात कह चुके हैं। लेकिन उनमें और ट्रम्प में एक बड़ी समानता भी है। वे भी 'नेशन फर्स्ट' की सोच रखते हैं। अवैध अप्रवासियों को लेकर उनका रवैया ट्रम्प की तरह कट्टर है। मर्त्ज जर्मनी में गांजे पर दोबारा प्रतिबंध भी लगाना चाहते हैं। इस प्रतिबंध को 2023 में तब की सरकार ने हटा दिया था। जर्मनी चुनाव के नतीजे सामने आने के बाद ट्रम्प ने सोशल मीडियो पोस्ट में कहा, जर्मनी में कंजर्वेटिव पार्टी जीत गई है। अमेरिका की ही तरह जर्मनी के लोग भी बिना सोच-समझ वाले एजेंडे से परेशान हो गए थे। खासतौर पर एनर्जी और अप्रवासियों के मुद्दे पर। आज जर्मनी के लिए बड़ा दिन है। ट्रम्प जहां मर्त्ज के जीतने पर खुशी जता रहे हैं, वहीं मर्त्ज कह चुके हैं कि जर्मनी को अपनी सुरक्षा व्यवस्था



बेहतर करने की जरूरत है। साथ ही वॉशिंगटन पर अपनी लंबे समय से चली आ रही निर्भरता भी खत्म करनी होगी। मर्त्ज यूरोप के भविष्य को लेकर ट्रम्प के बेफिक्री वाले रवैये से नाखुश हैं।

अमेरिका और कई यूरोपीय देशों की तरह जर्मनी में भी बड़ी संख्या में अवैध अप्रवासी पहुंच रहे हैं। इस समस्या से जूझने के लिए मर्त्ज ने अप्रवासी कानून को सख्त बनाने की बात कही है। जर्मनी में हाल ही अप्रवासियों और शरणार्थियों ने कई हमलों को अंजाम दिया है। ये भी बड़ी वजह है कि मर्त्ज अप्रवासियों को डिपोर्ट करने के सख्त नियम और लोगों के अनियंत्रित अप्रवास को रोकने के लिए कदम उठाना चाहते हैं। इसके लिए उन्होंने पांच पॉइंट का प्लान तैयार किया है। 1 अप्रैल 2023 में जर्मनी ने गांजे के इस्तेमाल को कानूनी मंजूरी दी थी। इसके साथ ही जर्मनी ऐसा करने वाला यूरोप का सबसे बड़ा देश बन गया। इस मौके पर देश की राजधानी बर्लिन के मशहूर ब्रांडेनबुर्ग गेट पर करीब 1,500 लोग जुटे और हुक्के और चिलम के साथ जश्न मनाते दिखाई दिए। नए कानून के तहत 18 साल से ज्यादा उम्र के लोगों को 25 ग्राम सूखा गांजा रखने की इजाजत मिली। इसके साथ ही घर पर भांग के तीन पौधे उगाने की भी मंजूदी दी गई। तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री कार्ल लाउटरबाख ने एक्स पर लिखा- गांजे के सेवन को प्रतिबंधों के दायरे से बाहर निकाल दिया गया है। नया कानून लोगों को इसकी लत पड़ने से बचाएगा। बच्चों व युवाओं का बचाव करेगा और काले बाजार से भी लड़ेगा। मर्त्ज ने जब पिछले साल चुनाव का कैंपेन शुरू किया तो उन्होंने कहा कि वे गांजा पर दोबारा प्रतिबंध लगाएंगे।

उन्होंने कहा कि गांजा को वैध करने से ड्रग्स से जुड़े अपराधों में बढ़ोतरी हो रही है।

# पोप की हालत में मामूली सुधार, खतरा बरकरार

## ऑक्सीजन दी जा रही, प्लेटलेट्स भी घटीं; ट्रम्प ने अच्छी सेहत की कामना की

एजेंसी

वेटिकन, कैथोलिक ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस की हालत में मामूली सुधार देखने को मिला है, हालांकि खतरा अभी भी बना हुआ है। वेटिकन ने मंगलवार को इसे लेकर बयान जारी किया। इससे पहले बताया गया था कि पोप के किडनी फेल होने के लक्षण दिख रहे हैं। साथ ही प्लेटलेट्स की कमी का भी पता चला था। उन्हें ऑक्सीजन का हाई फ्लो दिया जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी सोमवार को पोप की अच्छी सेहत की कामना की। फ्रांसीसी



राष्ट्रपति मैक्रों के साथ बैठक के दौरान ट्रम्प ने कहा कि हम पोप की अच्छी सेहत की कामना करते हैं, हम चाहते हैं कि वह जल्दी ठीक हो जाएं। 88 साल के पोप फ्रांसिस को फेफड़ों में इन्फेक्शन के कारण 14 फरवरी को रोम के जेमेली अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनका निमोनिया और एनीमिया का इलाज भी चल रहा है। डॉक्टरों ने 21 फरवरी को उन्हें खतरे से बाहर बताया था और कहा था कि उनकी हालत में सुधार हो रहा है। अगले दिन अस्थमा अटैक के बाद पोप की हालत गंभीर हो गई थी। इटली की पीएम भी पोप से मिलने पहुंचीं थीं इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी 19 फरवरी को पोप से मिलने पहुंची थीं। दोनों के बीच करीब 20 मिनट की मुलाकात हुई। मुलाकात के बाद में मेलोनी ने बताया कि पोप की हालत में हल्का सुधार है और चेहरे पर मुस्कान बनी हुई है। मेलोनी ने कहा, 'पोप और मैंने हमेशा की तरह मजाक किया। पोप ने अपना सेंस ऑफ ह्यूमर नहीं खोया है।' पोप के भर्ती होने के बाद मेलोनी उनसे मिलने वाली पहली नेता हैं।

कैथलिक चर्च के इतिहास में पोप बनने वाले पहले गैर-यूरोपीय पोप फ्रांसिस अर्जेंटीना के एक जेसुइट पादरी हैं, वो 2013 में रोमन कैथोलिक चर्च के 266वें पोप बने थे। उन्हें पोप बेनेडिक्ट सोलहवें का उत्तराधिकारी चुना गया था। पोप फ्रांसिस पहले ऐसे इंसान हैं जो गैर-यूरोपीय होते हुए भी कैथोलिक धर्म के सर्वोच्च पद पर पहुंचे। पोप का जन्म 17 दिसम्बर 1936 को अर्जेंटीना के फ्लोरेंस शहर में हुआ था।

# नकारात्मकता चरम पर हो तो गरिमा का ख़्याल न करते हुए मानसिकता शब्दों में प्रकट होती है: अखिलेश



**अखिलेश यादव ने आगे कहा अशोभनीय कथन बताते हैं कि नकारात्मकता चरम पर हो तो देश, स्थान की गरिमा का ख़्याल न करते हुए मानसिकता शब्दों के रूप में प्रकट होती है। सपा प्रमुख ने कहा कि महाकुंभ जैसे पावन पर्व के संबंध में बोलते समय शब्दों का चयन, इस अवसर के मान और प्रतिष्ठा के अनुकूल होना चाहिए।**


एजेंसी

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नाम लिए बिना उन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अशोभनीय कथन बताते हैं कि नकारात्मकता चरम पर हो तो देश, काल, स्थान की गरिमा का ख़्याल न करते हुए मानसिकता शब्दों के रूप में प्रकट होती है। सपा प्रमुख यादव ने सोमवार की रात अपने आधिकारिक एक्स खाते पर एक पोस्ट में कहा ...लेकिन महाकुंभ में जिन्होंने अपनों को तलाशा, उन्हें हमेशा के लिए खो गए अपने परिजन का नाम न तो मृतकों की सूची में मिला और न ही खोया-पाया के रजिस्टर में। इसी पोस्ट में उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने महाकुंभ में राजनीतिक अवसरवाद को तलाशा और उनको आत्म प्रचार का माध्यम मिला, लेकिन उन्होंने अपनी नैतिकता, सत्यनिष्ठा और मानवीय संवेदनाओं को खो दिया और वाणी पर संतुलन को भी। यादव ने आगे कहा अशोभनीय कथन बताते हैं कि नकारात्मकता चरम पर हो तो देश, काल, स्थान की गरिमा का ख़्याल न करते हुए मानसिकता शब्दों के रूप में प्रकट होती है। सपा प्रमुख ने कहा कि महाकुंभ जैसे पावन पर्व के संबंध में बोलते समय शब्दों का चयन, इस अवसर के मान और प्रतिष्ठा के अनुकूल होना चाहिए। उन्होंने तंज कसते हुए कहा महाकुंभ में कई बार जाकर भी जिनका वैचारिक उद्धार नहीं हुआ, उनके पाप और पतन की सीमा भला कौन नाप सकता है। ऐसे कथनों से जिन सुधीजनों को ठेस पहुँची है, उनसे निवेदन है कि ऐसे लोगों के प्रति सहानुभूति की भावना रखें न कि आक्रोश की। ङ्घसन्मति दे भगवान! सोमवार को उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा के बजट सत्र में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन-?यवाद प्रस-?ताव पर बोलते हुए समाजवादी पार्टी (सपा) और अन्य विपक्षी दलों पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था, कुंभ में जिसने जो तलाशा, उसे वही मिला। गिद्धों को केवल लाश मिली, सुअरों को गंदगी मिली, संवेदनशील लोगों को रिश्तों की खूबसूरत तस्वीर मिली।

# भारत को मैन्युफैक्चरिंग हब बनाना सरकार का लक्ष्य :अमित शाह

## ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का समापन, अमित शाह बोले- मध्य प्रदेश देश की कॉटन कैपिटल

**मध्य प्रदेश को अपने दो दिवसीय निवेशक शिखर सम्मेलन के अंत में रिकॉर्ड 30.77 लाख करोड़ रुपये की निवेश प्रतिबद्धताएं प्राप्त हुई हैं, मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मंगलवार को निवेश मध्य प्रदेश शिखर सम्मेलन के 8 वें संस्करण में कहा, जिसका उद्देश्य राज्य में निवेश आकर्षित करना और इसके औद्योगिक विकास को बढ़ावा देना है।**




एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार का लक्ष्य भारत को विनिर्माण केंद्र बनाना है। भोपाल में दो दिवसीय वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन 2025 के समापन समारोह में बोलते हुए, शाह ने कहा कि कई व्यवसाय अब मध्य प्रदेश में निवेश कर रहे हैं और आने वाले दिनों में यह और बढ़ेगा। शाह ने इस बात पर भी जोर दिया कि शिखर सम्मेलन के दौरान 30,77,000 करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। अमित शाह ने कहा कि इस दो दिवसीय कार्यक्रम में दो सौ से अधिक भारतीय कंपनियां, दो सौ से अधिक वैश्विक सीईओ, बीस से अधिक यूनिकॉर्न संस्थापक और पचास से अधिक देशों के प्रतिनिधि मध्य प्रदेश में निवेश के लिए यहां का माहौल देखने आए और यह मध्य प्रदेश के लिए एक बड़ी उपलब्धि थी। इस बार मध्य प्रदेश ने भी एक नया प्रयोग किया। ये प्रयोग आने वाले दिनों में कई राज्यों को दिशा भी दिखाएगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत को 2027 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को हासिल करने में मध्य प्रदेश बड़ी भूमिका निभाएगा। मध्य प्रदेश को अपने दो दिवसीय निवेशक शिखर सम्मेलन के अंत में रिकॉर्ड 30.77 लाख करोड़ रुपये की निवेश प्रतिबद्धताएं प्राप्त हुई हैं, मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मंगलवार को निवेश मध्य प्रदेश शिखर सम्मेलन के 8 वें संस्करण में कहा, जिसका उद्देश्य राज्य में निवेश आकर्षित करना और इसके औद्योगिक विकास को बढ़ावा देना है। इस शिखर सम्मेलन ने व्यापार और निवेश के लिए राज्य की क्षमता को प्रदर्शित करने, इसके रणनीतिक फायदे, आर्थिक अवसरों और औद्योगिक क्षमताओं को उजागर करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया। उन्होंने यहां कार्यक्रम के समापन सत्र में कहा, "अब तक हमने 30.77 लाख करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं।" शिखर सम्मेलन का प्राथमिक उद्देश्य विनिर्माण, बुनियादी ढांचे, कृषि, नवीकरणीय ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और सेवाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के लिए मध्य प्रदेश को शीर्ष गंतव्य के रूप में बढ़ावा देना है।

# ओडिशा के पुरी के निकट बंगाल की खाड़ी में 5.1 तीव्रता का भूकंप आया

**ओडिशा राजस्व विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि भूकंप से अब तक किसी भी तरह के जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। उन्होंने बताया कि भूकंप का प्रभाव ना के बराबर था, क्योंकि इसका केंद्र बंगाल की खाड़ी में था।**



एजेंसी

कोलकाता/भुवनेश्वर। ओडिशा के पुरी के पास मंगलवार की सुबह भूकंप का तेज झटका महसूस किया गया, जिसकी तीव्रता 5.1 मापी गयी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप सुबह छह बजकर 10 मिनट पर बंगाल की खाड़ी में 91 किलोमीटर की गहराई पर आया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के एक अधिकारी ने कहा कि भूकंप का झटका 19.52 उत्तरी अक्षांश और 88.55 पूर्वी देशांतर पर दर्ज किया गया। ओडिशा राजस्व विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि भूकंप से अब तक किसी भी तरह के जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। उन्होंने बताया कि भूकंप का प्रभाव ना के बराबर था, क्योंकि इसका केंद्र बंगाल की खाड़ी में था। उन्होंने बताया कि भूकंप का झटका ओडिशा के पारादीप, पुरी, बरहामपुर और कुछ अन्य स्थानों पर महसूस किया गया।

# सज्जन कुमार को बड़ा झटका, 1984 सिख दंगों में बाप-बेटे को जिंदा जलाने के मामले में आजीवन कारावास

## दंगा, गैरकानूनी सभा और हत्या आदि से संबंधित धाराओं के तहत सज्जन कुमार को दोषी ठहराया गया

**कांग्रेस के उस समय के प्रभावशाली नेता और सांसद रहे कुमार वर्ष 1984 में एक और दो नवंबर को दिल्ली की पालम कॉलोनी में पांच लोगों की हत्या के मामले में आरोपी थे।**

एजेंसी

दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 1984 के सिख विरोधी दंगों, विशेष रूप से सरस्वती विहार हिंसा मामले में उनकी भूमिका के लिए पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। यह कुमार को दी गई दूसरी आजीवन कारावास की सजा है, जो पहले से ही दिल्ली छावनी दंगा मामले में शामिल होने के लिए सजा काट रहे हैं। पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार को 12 फरवरी को दंगा, गैरकानूनी सभा और हत्या आदि से संबंधित धाराओं के तहत दोषी ठहराया गया था। इससे पहले सिख विरोधी दंगों से संबंधित हत्या के एक



मामले में अभियोजन पक्ष ने कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार के लिए मृत्युदंड की अपील की और इसे दुर्लभतम अपराध करार दिया था। कुमार फिलहाल तिहाड़ जेल में बंद हैं। जसवंत सिंह और उनके बेटे तरुणदीप सिंह की एक नवंबर 1984 को हत्या कर दी गयी थी। हत्या के सिलसिले में पंजाबी बाग थाने ने मामला दर्ज किया था लेकिन बाद में एक विशेष जांच दल ने जांच की जिम्मेदारी ले ली थी। अदालत ने 16 दिसंबर 2021 को कुमार के खिलाफ आरोप तय किए और उनके खिलाफ प्रथम दृष्टया मामला पाया। कांग्रेस के उस समय के प्रभावशाली नेता और सांसद रहे कुमार वर्ष 1984 में एक और दो नवंबर को दिल्ली की पालम कॉलोनी में पांच लोगों की हत्या के मामले में आरोपी थे। दिल्ली उच्च न्यायालय ने इस मामले में उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी और सजा को चुनौती देने वाली उनकी अपील सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद, घातक हथियारों से लैस भीड़ ने बड़े पैमाने पर लूटपाट एवं आगजनी की थी और सिख समुदाय के लोगों की संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया था। इस मामले में जसवंत सिंह की पत्नी ने शिकायत दर्ज कराई थी। अभियोजन पक्ष के अनुसार भीड़ ने घर में घुसकर सिंह एवं उनके बेटे की हत्या कर दी थी और सामान लूटकर घर को आग के हवाले कर दिया था।





## विभिन्न पर्व

| पौष पूर्णिमा | मकर संक्रांत | मौनी आमावश्या | बसंत पंचमी | माघी पूर्णिमा | महा शिवरात्री |
|---|---|---|---|---|---|
| 13/01/2025 | 14/01/2025 | 29/01/2025 | 03/02/2025 | 12/02/2025 | 26/02/2025 |

# महाकुंभ में ईशा अंबानी और रवीना टंडन ने डुबकी लगाई

## कल मेले का आखिरी दिन, शहर में वाहनों की नो एंट्री; 97 लाख ने स्नान किया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, महाकुंभ का कल यानी महाशिवरात्रि का आखिरी दिन है। आज मंगलवार सुबह से मेले में जबरदस्त भीड़ रही, हालांकि दोपहर बाद भीड़ कम हो गई। 13 जनवरी से अब तक 44 दिन में 64.33 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। आज शाम 4 बजे तक 97.21 लाख लोग स्नान कर चुके हैं। रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड की कार्यकारी निदेशक ईशा अंबानी ने संगम स्नान किया। एक्ट्रेस रवीना टंडन ने भी बेटी राशा के साथ संगम में डुबकी लगाई। वहीं, महाशिवरात्रि के स्नान पर्व को देखते हुए ट्रैफिक प्लान बदला गया है। आज शाम 4 बजे से मेला क्षेत्र में प्रशासनिक गाड़ियों को छोड़कर सभी वाहनों की एंट्री रोक दी गई है। शाम 6 बजे से बाहर यानी संगम से 10-12 किमी पहले ही लोगों को रोक दिया जाएगा। प्रशासन ने अपील की है कि श्रद्धालु नजदीकी घाट पर स्नान करें और घर जाएं। महाकुंभ में निगरानी के लिए एयरफोर्स के जवान तैनात किए गए हैं।



आखिरी स्नान से पहले फ्लाइट का किराया बढ़ गया है। दिल्ली से प्रयागराज का किराया 30 हजार और मुंबई से प्रयागराज का किराया 25 हजार हो गया है। महाशिवरात्रि पर हर साल शहर में 16 किमी की शोभायात्रा निकाली जाती है, श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए इस बार यह यात्रा नहीं निकाली जाएगी।

# महाकुंभ में वायु प्रदूषण नियंत्रण का बना रिकॉर्ड

## चंडीगढ़ से भी बेहतर रही प्रयागराज की हवा, 42 दिन ग्रीन जोन में रहा एक्यूआई

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, महाकुंभ में अब तक 62 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई है। श्रद्धालुओं के हजारों की संख्या में चार पहिया वाहन भी महाकुंभ क्षेत्र में अपनी मौजूदगी दर्ज करा चुके हैं, बावजूद इसके महाकुंभ नगर की हवा प्रदूषित नहीं हुई है। केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड की तरफ से जारी एयर क्वालिटी इंडेक्स से यह बात सामने आई है। महाकुंभ में वायु प्रदूषण नियंत्रण का बना नया रिकॉर्ड महाकुंभ में देश की 60 फीसदी से अधिक आबादी संगम के पावन जल में पुण्य की डुबकी लगाकर चली गई। लाखों चार पहिया वाहन भी यहां रहे। बावजूद इसके महाकुंभ क्षेत्र की आबोहवा सेहत के लिए खराब नहीं हुई है। केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड की तरफ से जारी आंकड़ों से इसे बल मिला है। केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड के पर्यावरण कंसल्टेंट इंजीनियर शहीक शिराज ने इसकी जानकारी देते हुए बताया है कि महाकुंभ के दौरान वायु की गुणवत्ता के मामले में महाकुंभ क्षेत्र ग्रीन जोन में बना हुआ है। उनके मुताबिक, 13 जनवरी पौष पूर्णिमा को महाकुंभ का एयर क्वालिटी इंडेक्स 67 था। महाकुंभ के दौरान 42 दिन पूरा क्षेत्र ग्रीन जोन में रहा इसी तरह 14 जनवरी मकर संक्रांति को 67, 29 जनवरी मौनी अमावस्या को 106, 03 फरवरी बसंत पंचमी को 65 और 12 फरवरी माघी पूर्णिमा को 52 रहा है। गौरतलब है कि एयर क्वालिटी इंडेक्स 100 के अंदर अच्छा माना जाता है और 100 से 150 के बीच मॉडरेट। इस तरह महाकुंभ में केवल मौनी अमावस्या की हवा की गुणवत्ता थोड़ी सी मॉडरेट थी। इसके अलावा सभी दिनों हवा की गुणवत्ता अच्छी रही है। महाकुंभ के दौरान 42 दिन पूरा क्षेत्र ग्रीन जोन में रहा है। चंडीगढ़ से भी बेहतर रही महाकुंभ की आबोहवा प्रयागराज महाकुंभ आने के लिए अभी भी आस्था का जन सैलाब उमड़ रहा है। डीजल और पेट्रोल से चलने वाले वाहनों का भी रेला है, बावजूद इसके लगातार 42 दिन से शहर वायु की गुणवत्ता को लेकर ग्रीन जोन में बना हुआ है।

## संक्षेप

### नाई सेन समाज में नए पदाधिकारियों की नियुक्ति

**विनोद शर्मा बने जेंवार प्रमुख, समाज को मजबूत करने पर हुई चर्चा**

सुल्तानपुर, सुल्तानपुर के धरमैतेपुर स्थित डॉ. आंबेडकर सामुदायिक केंद्र में नाई सेन सविता समाज की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व जेंवार चौधरी स्वर्गीय राम रूप शर्मा की रिक्त हुई सीट पर नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। धरमैतेपुर के विनोद शर्मा को जेंवार प्रमुख चुना गया। मडेरिका के गोपाल चंद्र शर्मा को उपजेंवार प्रमुख और स्वर्गीय राम रूप शर्मा के बड़े पुत्र महेश शर्मा को उपचौधरी नियुक्त किया गया। वरिष्ठ समाजसेवी दादा स्वामी नाथ शर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में समाज को सशक्त बनाने के लिए एकजुटता और जागरूकता पर बल दिया गया। चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष बनाने के लिए महापद्मनंद वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन के प्रांतीय अध्यक्ष घनश्याम शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य विनोद शर्मा और हथकिला जेंवार के चौधरी राजेंद्र शर्मा ने पर्यवेक्षक की भूमिका निभाई। बैठक में शिक्षा, रोजगार और सामाजिक समानता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का संचालन अठगवां जेंवार के सदस्य और संगठन के प्रांतीय कोषाध्यक्ष राजेश शर्मा ने किया। बैठक में जेंवार के उपचौधरी सूर्य नारायण शर्मा, लाल प्रताप शर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। नव-निर्वाचित पदाधिकारियों ने समाज की प्रगति के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

### बांदा में त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक

**डीएम-एसपी ने धर्मगुरुओं से की चर्चा, परंपरागत तरीके से मनाने की अपील**

बांदा, आगामी त्योहारों के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर जिलाधिकारी जे. रीभा और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने महर्षि बामदेव सभागार में शांति समिति की बैठक की। बैठक में सभी धर्मगुरुओं और प्रमुख नागरिकों से महाशिवरात्रि, रमजान, होली और नवरात्रि जैसे आने वाले त्योहारों के बारे में चर्चा की गई। अधिकारियों ने शासन के दिशा-निर्देशों से सभी को अवगत कराया। उन्होंने त्योहारों को परंपरागत तरीके से मनाने की अपील की। बिना अनुमति के नई धार्मिक परंपराएं शुरू न करने का निर्देश दिया गया। सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया गया। अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी समस्या की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचित करने को कहा गया। यूपी बोर्ड परीक्षा को देखते हुए ध्वनि प्रदूषण पर विशेष नजर रखी जाएगी। मैरिज गार्डन, डीजे और तेज आवाज वाले कार्यक्रमों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। परीक्षार्थियों को किसी तरह की परेशानी न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

# स्कूल बोलेरो ने ली मासूम की जान




- घर के बाहर खेल रहा था बच्चा, चालक गिरफ्तार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, मोहनगंज के लालगंज चौराहे पर डीबीएस स्कूल की बोलेरो ने 2 वर्षीय बच्चे को कुचल दिया। हादसे में बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। घटना लालगंज चौराहे की है। अहमद रजा का 2 वर्षीय बेटा घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान बच्चों को स्कूल ले जा रही डीबीएस स्कूल की बोलेरो ने उसे टक्कर मार दी। सूचना मिलते ही मोहनगंज पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने बच्चे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आरोपी चालक को गाड़ी समेत हिरासत में ले लिया गया है। मोहनगंज एसएचओ राकेश सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच जारी है।

# दहेज की डिमांड से टूटी शादी

## दूल्हे ने मांगी बुलेट और 3 लाख रुपए, लड़की वाले नहीं दे पाए तो बारात रोकी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

बांदा, दहेज की मांग ने एक शादी को रोक दिया है। बांदा देहात कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करबई की रहने वाली शाजिया की शादी कालिंजर कस्बे के नौशाद हुसैन से तय हुई थी। शादी 23 फरवरी को होनी थी और सारे इंतजाम हो चुके थे। लड़की के हाथों में मेहंदी भी लग चुकी थी। लेकिन शादी से एक दिन पहले दूल्हे पक्ष ने नई मांगें रख दीं। उन्होंने एक बुलेट मोटरसाइकिल, 3 लाख रुपए नकद और दो तोला सोने की चेन की मांग कर दी। लड़की के पिता इतनी बड़ी रकम तुरंत देने में असमर्थ थे।

जब उन्होंने मना किया तो दूल्हे पक्ष ने बारात लाने से ही इनकार कर दिया। पीड़ित परिवार का आरोप है कि नौशाद ज्यादा दहेज के लालच में किसी दूसरी लड़की से शादी करना चाहता है। पीड़ित परिवार न्याय के लिए पुलिस अधीक्षक के पास पहुंचा है। उनका कहना है कि शादी की तैयारियों में उनका काफी पैसा खर्च हो चुका है। वे इस मामले में कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल से अपनी फरियाद सुनाई है और मांग की है कि आरोपी नौशाद की शादी तत्काल रूकवाते हुए शादी की व्यवस्था में लड़की पक्ष के खर्च किए गए डेढ़ लाख रुपये आरोपी लड़के पक्ष से उन्हें दिलवायें जाएं।




# महाकुंभ जा रहे श्रद्धालुओं की कार दुर्घटनाग्रस्त

- अमेठी में हुआ हादसा, पुणे के एक ही परिवार के 5 लोग घायल

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी तहसील, अमेठी-प्रतापगढ़ मार्ग पर सहजीपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास एक बड़ा हादसा हुआ है। महाकुंभ में शामिल होने जा रहे श्रद्धालुओं की कार अनियंत्रित होकर खड्ड में गिर गई। पुणे, महाराष्ट्र के रहने वाले तुलसीराम अपने परिवार के साथ प्रयागराज महाकुंभ में शामिल होने जा रहे थे। सहजीपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास कार का संतुलन बिगड़ गया। कार सड़क किनारे स्थित गड्ढे में जा गिरी। हादसे में तुलसीराम, सीता, नवरंग, कविता और आकाश घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल बचाव कार्य शुरू किया। सभी घायलों को लोहियानगर बाजार के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक जांच में पता चला कि कार तेज गति में थी। मोड़ पर चालक का नियंत्रण खो जाने से यह हादसा हुआ।



चिकित्सकों के अनुसार सभी घायलों की हालत स्थिर है। उनका इलाज जारी है। प्रशासन ने यात्रियों से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान वाहन की गति नियंत्रित रखें। इससे इस तरह की दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है।

# अधिवक्ता संशोधन बिल का विरोध

## सैकड़ों वकीलों ने रजिस्ट्री ऑफिस में किया प्रदर्शन, दस्तावेज लेखकों का भी मिला समर्थन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में लागू किए गए अधिवक्ता संशोधन बिल के विरोध में अमेठी के वकील सड़कों पर उतर आए। अमेठी तहसील से शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन रजिस्ट्री ऑफिस तक पहुंचा। सैकड़ों की संख्या में वकीलों ने पोस्टर-बैनर के साथ जोरदार नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी वकीलों ने रजिस्ट्री ऑफिस में तैनात दस्तावेज लेखकों से समर्थन मांगा। उन्होंने एक दिन के लिए बैनामा न करने का अनुरोध किया। दस्तावेज लेखकों ने वकीलों की इस मांग को स्वीकार करते हुए आंदोलन में शामिल होने का आश्वासन दिया। सब रजिस्ट्रार को पत्र दिया वकीलों ने सब रजिस्ट्रार को एक पत्र सौंपा। इसमें दिन भर कोई बैनामा न करने की बात कही गई। बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष राजेश मिश्र ने स्पष्ट किया कि जब तक केंद्र सरकार इस बिल को वापस नहीं लेती, विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। दस्तावेज लेखक भी रहे साथ वकील जब से यह बिल लागू हुआ है, तब से लगातार इसका विरोध कर रहे हैं। आज का विरोध प्रदर्शन इसी कड़ी का हिस्सा था। दस्तावेज लेखकों ने भी वकीलों के साथ खड़े होकर आज कोई बैनामा न करने का निर्णय लिया।



# पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर हादसा, पति-पत्नी समेत 3 की मौत

## सुल्तानपुर में स्कॉर्पियो को ट्रक ने मारी टक्कर, महाकुंभ से बिहार जा रहे थे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर स्कॉर्पियो को ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में 3 लोगों की मौके पर मौत हो गई। तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा इतना भीषण था कि स्कॉर्पियो का पीछे से चकनाचूर हो गई। पीछे बैठी सवारियों को कड़ी मशक्कत के बाद लोगों ने निकाला। सभी घायलों को यूपीडा के कर्मचारियों ने हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने तीन को मृत घोषित कर दिया। हादसा रात कूरेभार थाना क्षेत्र के माइल स्टोन 116 के पास हुआ। स्कॉर्पियो सवार सभी लोग प्रयागराज से बिहार जा रहे थे। स्कॉर्पियो के ड्राइवर ने अचानक गाड़ी रोक दी। इससे पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। जानिए पूरा घटनाक्रम स्कॉर्पियो सवार सभी लोग प्रयागराज से बिहार जा रहे थे। इसी दौरान कूरेभार थाना क्षेत्र में ट्रक ने स्कॉर्पियो में टक्कर मार दी। हादसे के बाद ट्रक चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। हादसे को देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। घायलों को निकालने का प्रयास किया। लोगों ने पुलिस और यूपीडा (उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण) टीम को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची यूपीडा टीम ने सभी घायलों को सीएचसी कूरेभार भर्ती कराया। तीन की हालत गंभीर, मेडिकल कॉलेज रेफर डॉक्टरों ने सत्येंद्र नाथ पांडेय, उनकी पत्नी शशिबाला और रीता देवी को मृत घोषित कर दिया। वहीं रितेश कुमार पांडेय (26), अशोक चौबे, किरन देवी को राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। सभी बिहार के मोतिहारी जिले के निवासी हैं। अशोक चौबे स्कॉर्पियो चला रहे थे। कूरेभार थाना एसओ शरदेंदु दुबे ने बताया कि तीनों शवों को मॉच्युरी में रखा गया है। पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों से तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इधर, बांदा के अतर्रा कोतवाली क्षेत्र में बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर सड़क हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई। 8 लोग गंभीर घायल हैं। सभी को इलाज के लिए चित्रकूट के शिवरामपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया है। ये सभी लोग राजस्थान के रहने वाले हैं। अर्टिगा और टाटा सफारी के बीच टक्कर होने से ये हादसा हुआ है। घटना एक्सप्रेस-वे के चैनेज नंबर-16.3 के पास हुई। अर्टिगा में 6 और सफारी में 5 लोग सवार थे।



# हसनपुर में गौतस्करों का प्रयास नाकाम

## सांड को बेहोश कर वध करने की कोशिश, ग्रामीणों को देख सामान छोड़ भागे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

हसनपुर, कोतवाली क्षेत्र में गौतस्करों ने एक बार फिर गौवंश की हत्या का प्रयास किया। शाहपुर कला गांव के पास रात करीब 10 बजे कुछ लोग एक सांड को नशे का इंजेक्शन देकर उसका वध करने की तैयारी कर रहे थे। खेतों की रखवाली कर रहे ग्रामीणों ने जब उन्हें देखा, तो गौतस्कर अपनी बाइक, छुरा, कटर और काली पिन्नी समेत अन्य सामान छोड़कर फरार हो गए। सूचना मिलते ही विश्व हिंदू परिषद के सह मंत्री तेजपाल राणा और बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने मौके से बरामद सभी सामान को अपने कब्जे में ले लिया है। विश्व हिंदू परिषद के हसनपुर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल ने क्षेत्र में बढ़ती गोकशी की घटनाओं पर चिंता जताई है।

# एआरटीओ कार्यालय में 5 दिन से काम बंद

## पुराने अधिकारी का तबादला हुआ, नए अभी तक नहीं पहुंचे; लोग परेशान

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, एआरटीओ कार्यालय में पिछले पांच दिनों से काम पूरी तरह ठप पड़ा है। पुराने एआरटीओ सर्वेश सिंह का शाहजहांपुर तबादला होने के बाद नए एआरटीओ प्रवीण सिंह ने अभी तक कार्यभार नहीं संभाला है। छह महीने पहले शासन ने अमेठी के एआरटीओ सर्वेश सिंह का शाहजहांपुर तबादला किया था। उनकी जगह अयोध्या के एआरटीओ प्रवीण सिंह को अमेठी की जिम्मेदारी दी गई थी। लेकिन सर्वेश सिंह अमेठी में ही बने रहे। इसलिए प्रवीण सिंह भी नहीं आ सके। पांच दिन पहले शासन के कड़े निर्देश के बाद सर्वेश सिंह ने शाहजहांपुर में ज्वाइन कर लिया।

# अवैध अस्पताल पर स्वास्थ्य विभाग की छापेमारी

## बिना पंजीकरण के चल रहा था, सीओ के आदेश पर संचालक पर एफआईआर दर्ज

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी तहसील, स्वास्थ्य विभाग ने अवैध रूप से संचालित अस्पतालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी अंशुमान सिंह के निर्देश पर गठित जांच टीम ने श्री विनायक पाली क्लिनिक का औचक निरीक्षण किया। यह क्लीनिक दुगार्पुर, सुल्तानपुर रोड, ब्लॉक भादर में स्थित है। जांच टीम ने 24 फरवरी 2025 को निरीक्षण के दौरान पाया कि अस्पताल बिना किसी वैध पंजीकरण के चल रहा था। यह क्लीनिकल स्टेब्लिशमेंट एक्ट 2010 और नियम 2016 का उल्लंघन है। इस कारण अस्पताल के संचालक अजय मिश्रा के पुत्र के0पी0 मिश्र के खिलाफ पीपरपुर थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने कहा कि बिना पंजीकरण के चलने वाले किसी भी अस्पताल को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विभाग ऐसे अनधिकृत चिकित्सा केंद्रों पर कड़ी कार्रवाई करता रहेगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, अरविन्द कुमार शर्मा द्वारा एफ.एल.टी.-एल.जी.-75, आर.एम. 4/4, इंदिरा नगर, सुंदर बाग, आर.डी. कुर्ला (प.) मुम्बई, 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं एस.आर. पब्लीकेशन, मोहन अर्जून कम्पाउंड गोदाम नं. 8,9,10 नीयर घाटन पाड़ा, वैशाली नगर, लास्ट बस स्टाप, दहिसर (पूर्व), मुम्बई 400068 महाराष्ट्र से मुद्रित।। सम्पादक- खुशीराम शर्मा ।।
EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 02248253669,8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173 संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001 भारत संवाद सिटी ऑफिस- फ्लैट नंबर 24, सेकंड फ्लोर, कांटेक्टर बिल्डिंग, ब्लार्ड स्टेट, वजूकोटक मार्ग, शहीद भगत सिंह रोड, फोर्ट, मुंबई 400001 महाराष्ट्र।